* ओड़िशा संस्करण

01 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 72

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं





### साल के आखिरी दिन मन की बात कार्यक्रम में बोले पीएम

# देश रुकनेवाला नहीं है : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** साल के आखिरी रविवार को पीएम मोदी अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए लोगों से रूबरू हुए। पीएम मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कई रोचक बातें भी साझा कीं। पीएम मोदी ने कहा कि देश 'विकसित भारत' और आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है और इस भावना तथा गति को 2024 में भी बनाये रखना है। 'मन की बात' की 108वीं कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर दिया और 'फिट इंडिया' के लिए कई अनूठे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का 'इनोवेशन हब' बनना इस बात का प्रतीक है कि हम रुकनेवाले नहीं हैं। 2015 में हम ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स पर 81वें स्थान पर थे, आज हमारी रैंक 40वीं है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। 'विकसित भारत' और आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है। मोदी ने कहा कि हमें 2024 में भी इसी भावना और गति को बनाये रखना है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का नवोन्मेष का केंद्र बनना इस बात का प्रतीक है कि देश अब रुकनेवाला नहीं हैं। पीएम ने चंद्रयान तीन की सफलता सहित साल 2023 में विभिन्न क्षेत्रों में देश को हासिल हुई उपलब्धियों का उल्लेख किया। मोदी ने कहा कि इस साल हमारे एथलीटों ने खेलों में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन 108 एपिसोड्स में हमने जनभागीदारी के अनेक उदाहरण देखे हैं और उनसे प्रेरणा ली है। इस मुकाम पर पहुंचने के बाद हमें नये सिरे से नयी ऊर्जा के साथ और तेज गति से आगे बढ़ने का संकल्प लेना है और यह ऐसा है। यह सुखद संयोग है कि कल का सूर्योदय 2024 का पहला सूर्योदय होगा। हम 2024 में प्रवेश कर चुके होंगे।

## पीएम मोदी ने की झारखंड के मंगलो गांव की सराहना



**रांची (आजाद सिपाही)।** 31 दिसंबर 2023 को मन की बात में पीएम मोदी ने झारखंड के आदिवासी गांव की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बदलते हुए समय में हमें अपनी भाषाएं बचानी भी हैं और इसका संवर्धन भी करना है। उन्होंने कहा कि मैं आपको झारखंड के आदिवासी गांव के बारे में बताना चाहता हूं। इस गांव ने अपने बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने के लिए अनूठी पहल की। झारखंड के मंगलो गांव में बच्चों को कुड़ुख भाषा में शिक्षा दी जाती है। इस स्कूल का नाम है, कार्तिक उरांव आदिवासी कुड़ुख स्कूल। इस स्कूल में 300 आदिवासी बच्चे पढ़ते हैं। कुड़ख भाषा, उरांव आदिवासी समुदाय की मातृभाषा है। कुड़ख भाषा की अपनी लिपि भी है, जिसे 'तोलंग सिकी' के नाम से जाना जाता है। विलुप्त हो रही इस भाषा को बचाने के लिए इस समुदाय ने अपनी भाषा में बच्चों को शिक्षा देने का फैसला किया है। इस स्कूल को शुरू करनेवाले अरविंद उरांव कहते हैं कि गांव के बच्चों को अंग्रजी भाषा समझने में दिक्कत होती थी, इसलिए उन्होंने गांव के बच्चों को मातृभाषा में पढ़ाना शुरू किया। उनकी इस पहल से परिणाम अच्छे आने लगे, तो गांव के लोग भी इससे जुड़ गये। अपनी भाषा में पढ़ाई की वजह से बच्चों की सीखने की गति भी तेज हो गयी। इन मुश्किलों से निपटने में नयी शिक्षा नीति से भी मदद मिल रही है। बता दें कि गढ़वा जिला के मंगलो गांव में यह स्कूल है। अरविंद उरांव ने इस स्कूल की स्थापना वर्ष 2008 में की थी, तब उनकी उम्र महज 20 साल थी। आज इस स्कूल को बने करीब 16 साल होने को हैं। वर्तमान में यहां 300 बच्चे पढ़ते हैं। यहां हिंदी, अंग्रजी, गणित जैसे विषयों के साथ-साथ कुड़ुख भाषा भी पढ़ाई जाती है। यह स्कूल करीब 4000 वर्ग फुट क्षेत्रफल में फैला हुआ है। स्कूल के लिए ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जमीन दान दी है। यहां कक्षा एक से आठवीं तक पढ़ाई होती है। स्कूल में आठ शिक्षक हैं। एक महीने की स्कूल की फीस 300 से 400 रुपये तक होती है। कक्षा के मुताबिक फीस का अमाउंट निर्धारित है।

# हेमंत सोरेन आज खरसावां में शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खरसावां।** 1 जनवरी 2024 को झारखंड के खरसावां में आयोजित शहीद दिवस (खरसावां गोलीकांड) पर खरसावां के शहीदों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन श्रद्धांजलि देंगे। करीब एक बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से खरसावां हाईस्कूल मैदान स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद वहां से खरसावां शहीद बेदी और केसरे मुंडा चौक पहुंच कर पारंपरिक रूप से तेल डाल कर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद शहीद पार्क के पास स्थित फॉरेस्ट ऑफिस ग्राउंड में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से कल्याण और परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, समाज कल्याण मंत्री जोबा माझी, विधायक दशरथ गागराई, दीपक बिरुवा, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव, सविता महतो आदि मौजूद रहेंगे।

### जगह-जगह बनाये गये हैं तोरण द्वार

खरसावां शहीद दिवस को लेकर खरसावां शहीद पार्क की ओर जानेवाली सभी सड़कों पर तोरण द्वार बनाये गये हैं। तोरण द्वारों को शहीदों के नाम पर रखा गया है। खरसावां के चांदनी चौक एवं आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह पर तोरण द्वार एवं होर्डिंग लगायी गयी है। शहीद पार्क को भी साफ-सुथरा रखा गया है। प्रवेश और बाहर निकलने के लिए दो अलग-अलग द्वार बनाये गये हैं।

### सुरक्षा कड़ी, डेढ़ हजार पुलिसकर्मी तैनात

पहली जनवरी को खरसावां में आयोजित शहीद दिवस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गयी है। बड़े पैमाने पर पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। सीसीटीवी से सभी सड़कों और शहीद पार्क की निगरानी की जा रही है। शहीद पार्क के साथ-साथ पार्क की ओर जानेवाली सभी सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।

## न्यूज रील्स

### जम्मू-कश्मीर की एक और संस्था तहरीक-ए-हुर्रियत बैन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 31 दिसंबर (रविवार) को जम्मू-कश्मीर की एक और संस्था तहरीक-ए-हुर्रियत को गैर कानूनी संगठन घोषित कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करनेवाली गतिविधियों में शामिल है। संगठन भारत विरोधी दुष्प्रचार फैला रहा है और जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकी गतिविधियों में लिप्त है। अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- पीएम मोदी की आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत, भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल पाये जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को तुरंत बैन कर दिया जायेगा।

# आइआइटी-बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप के तीनों आरोपी अरेस्ट

### तीनो आरोपी बीजेपी आइटी सेल के मेंबर हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**


कुणाल पांडेय | सक्षम पटेल | अभिषेक चौहान

**वाराणसी।** आइआइटी-बीएचयू में बीटेक छात्रा से गैंगरेप के तीनों आरोपी अरेस्ट हो गये हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बृज एन्क्लेव कॉलोनी सुंदरपुर के कुणाल पांडेय, जिवधीपुर बजरडीहा के आनंद उर्फ अभिषेक चौहान और बजरडीहा के सक्षम पटेल के रूप में हुई है। तीनों बीजेपी आइटी सेल से जुड़े हैं। आरोपी कुणाल पांडेय बीजेपी से जुड़ा है और आइटी विभाग का महानगर संयोजक है और सक्षम पटेल भी महानगर आइटी संयोजक है। बता दें कि पहले छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। छात्रा से छेड़छाड़ के बाद माहौल गरमा गया था।




### कर्नाटक के नीले पत्थर की रामलला की प्रतिमा फाइनल

**अयोध्या (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा का चयन रविवार को कर लिया गया। चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में रामलला की 51 इंच लंबी प्रतिमा स्थापित की जायेगी, जिसमें रामलला 5 साल के बाल स्वरूप में होंगे। प्रतिमा में रामलला को खड़े हुए दिखाया गया है। प्रतिमा ऐसी है जो राजा का पुत्र लगे और विष्णु का अवतार लगे। गर्भगृह में रामलला कमल के फूल पर विराजमान होंगे। कमल के फूल के साथ उनकी लंबाई करीब 8 फीट होगी। सूत्रों की मानें तो नीले पत्थर से रामलला की प्रतिमा तैयार की गयी है। मूर्तिकार योगीराज की बनायी प्रतिमा का चयन किया गया है।

### श्रीराम मंदिर और सीएम योगी को उड़ाने की धमकी

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** श्रीराम मंदिर, सीएम योगी और एसटीएफ चीफ को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी। धमकी भरा इ-मेल भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को भेजा गया। देवेंद्र को भी मारने की धमकी दी गयी है। सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एफआइआर दर्ज की गयी है। एफआइआर के मुताबिक 27 दिसंबर की शाम 7 बज कर 37 मिनट पर एक इ-मेल भेजा गया। इसमें लिखा था कि सीएम योगी, एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने जीना हराम कर रखा है। इसलिए सभी को उड़ा दिया जायेगा। अयोध्या के श्रीराम मंदिर को भी उड़ायेंगे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# उम्मीद, अवसर और चुनौतियों से भरा होगा 2024

## ■ आम चुनाव से लेकर विधानसभा चुनाव तक में रहेगी सियासी सरगर्मी

## ■ राम मंदिर के साथ शुरू होगा भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का दौर

## ■ आर्थिक और वैश्विक मोर्चे पर अवसर हैं, तो चुनौतियां भी कम नहीं हैं

आजाद सिपाही विशेष

**धरती के सूरज का एक और चक्कर पूरा करने के साथ ही साल 2023 कैलेंडर से गायब हो गया है और उसकी जगह नया साल 2024 जगह ले चुका है। जहां 2023 को पलट कर देखने पर इस वर्ष की उपलब्धियां और सत्र संत्रास, दोनों ही अनुभव किये जा सकते हैं, वहीं आनेवाले नये साल के लिए भी आंखों में कुछ सपने और मन में कुछ उम्मीदें लिये देश 2024 में प्रवेश कर चुका है। तो यह जानना जरूरी है कि क्या-क्या उम्मीदें हैं साल 2024 से और कौन सी चुनौतियां लेकर यह वर्ष शुरू हुआ है। यदि राजनीति से शुरुआत की जाये, तो वर्ष 2024 में लोकसभा के चुनाव होंगे। लोकतंत्र के इस सबसे बड़े अनुष्ठान की तैयारियां वैसे तो चल ही रही हैं, लेकिन नये साल में यह जोर पकड़ेगा। इस तरह एक प्रकार से देश के 140 करोड लोगों के सामने नयी सरकार चुनने की चुनौती है, तो सरकार के सामने इन चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की। लोकसभा चुनाव के बाद इसी वर्ष झारखंड, ओड़िशा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होंगे। साथ ही जम्मू-कश्मीर के भी चुनाव होंगे। सांस्कृतिक और धार्मिक नजरिये से भी यह साल बेहद अहम होनेवाला है। इसी महीने की 22 तारीख को दुनिया भर के करोड़ों हिंदुओं का पांच सौ साल से अधिक पुराना सपना अयोध्या में श्रीराम मंदिर के बन जाने के साथ पूरा होगा। यह भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत होगी। आर्थिक क्षेत्र की चुनौतियों में सबसे अहम देश की अर्थव्यवस्था को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाना हो सकता है, लेकिन वैश्विक महामारी के बाद के दौर का पुनर्निर्माण भी एक बड़ी चुनौती है। वैश्विक मोर्चे पर तमाम कामयाबियों के बावजूद भारत के पास 2024 नये अवसरों का जखीरा लेकर आ रहा है। 2023 में जी 20 की अध्यक्षता कर भारत ने वैश्विक नेतृत्व की जो भूमिका स्वीकार की है, उसे नये फलक पर ले जाने की एक चुनौती होगी। युद्ध की आग में तप रही दुनिया इस समय भारत के उस मरहम का इंतजार कर रही है, जिसे शांति और सद्भाव कहा जाता है। कुल मिला कर 2024 में चुनौतियों और अवसरों की कतार है, तो उम्मीदें भी कम नहीं हैं। इन उम्मीदों, अवसरों और चुनौतियों के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

नये साल के पहले दिन भारत के 140 करोड़ लोगों के मन में यह सवाल जरूर उमड़ रहा होगा कि देश को 2024 का साल उम्मीद से देखना चाहिए या डर से। सच कहा जाये, तो हमारी आंखों में दोनों भाव होने चाहिए, लेकिन थोड़ा ज्यादा उम्मीद वाला। बीते साल की परेशानियां भले ही अभी खत्म न हुई हों, पर उम्मीद की किरण जरूर नजर आ रही है और इस साल के बेहतर होने की उम्मीद की जानी चाहिए। तो एक-एक कर इन उम्मीदों, अवसरों और चुनौतियों पर विचार करना ही अच्छा होगा।

### मोदी सरकार की वापसी

सबसे बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा 2024 में फिर से बहुमत ला पायेगी। मोदी के तो बतौर पीएम दोबारा आने की संभावना ज्यादा है, लेकिन चुनौतियां 2023 से भी ज्यादा होंगी। शायद मोदी को लोगों और विपक्ष की थोड़ी बात भी माननी पड़े। कुल मिला कर सियासत की यह सबसे बड़ी घटना ही देश की दशा-दिशा तय करेगी। इसके बाद झारखंड समेत पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होंगे। इससे राजनीतिक माहौल गरमाया रहेगा। झारखंड में हेमंत सोरेन को अपनी सरकार की पुनर्वापसी की उम्मीद है, तो भाजपा को सत्ता पर काबिज होने का अवसर।

### दुनिया भर में चल रहे युद्धों का असर

भारत के आर्थिक और राजनीतिक हालात पर ज्यादातर असर अंदरूनी ही होगा, लेकिन बाहरी घटनाएं भी उन पर प्रभाव डालती हैं। एक राहत की बात यह है कि रूस-यूक्रेन युद्ध शायद खत्म होने की तरफ बढ़ रहा है, क्योंकि यूक्रेन को मदद देने वाले देश अब थकने लगे हैं। दूसरी तरफ, इजरायल-हमास के बीच हो रहा युद्ध दुनिया भर के लिए आर्थिक और राजनीतिक तौर पर नुकसानदायक हो सकता है। अगर दोनों ही युद्धों का अंत समझौते पर हो, तो 2024 का साल 2023 से काफी बेहतर होगा।

### पड़ोसी देशों के चुनाव

कुछ विदेशी घटनाएं भारत को चिंतित करती हैं, जिनमें हमारे पड़ोसी देशों बांग्लादेश और पाकिस्तान के चुनाव भी शामिल हैं। बांग्लादेश में 7 जनवरी और पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव होनेवाले हैं। पाकिस्तान में चाहे कोई भी जीते, भारत के लिए बहुत कुछ नहीं बदलेगा। लेकिन अगर बांग्लादेश में शेख हसीना की हार होती है, तो भारत के लिए चीजें थोड़ी मुश्किल हो सकती हैं, क्योंकि नयी सरकार चीन के ज्यादा करीब हो सकती है।



### अमेरिका और ब्रिटेन में चुनाव

इस साल के अंत में अंग्रेजी बोलनेवाले देशों में दो बड़े चुनाव होनेवाले हैं, जिनका भारत की वैश्विक स्थिति पर भी असर पड़ेगा। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप का जीतना किसी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार से बेहतर हो सकता है, लेकिन भारत तो हर तरह के राष्ट्रपतियों के साथ रहना सीख चुका है। ब्रिटेन में अगर लेबर पार्टी जीतती है, तो मुक्त व्यापार समझौते की संभावना खतरे में पड़ सकती है या उसमें देरी हो सकती है, लेकिन सच कहा जाये, तो यह समझौता भारत के लिए कोई बहुत बड़ा बदलाव नहीं लायेगा।

### अयोध्या का राम मंदिर

2024 में उम्मीदों का पिटारा खुलनेवाला है और सबसे पहले राम मंदिर का उद्घाटन होगा। यह 22 जनवरी को होगा या कहें कि इसकी प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। यह सिर्फ धार्मिक और राजनीतिक रूप से ही बड़ा घटनाक्रम नहीं है, बल्कि उत्तरप्रदेश के आर्थिक विकास के लिए भी बहुत जरूरी है। यूपी भारत के गरीब राज्यों में से एक माना जाता है, लेकिन वहां 2017 से योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राजनीतिक स्थिरता लौटी है, जिससे आर्थिक विकास के भी संकेत मिले हैं। लेकिन राम मंदिर के उद्घाटन के बाद यह विकास दोगुना होनेवाला है। जिस तरह दिल्ली से सटे हुए पश्चिमी यूपी में नोएडा अब स्टार्ट-अप हब बन चुका है और जैसे हरियाणा गुरुग्राम की वजह से तरक्की कर गया है, वैसे ही राम मंदिर से पूरब के यूपी को भी फायदा होगा, जहां अभी कम विकास हुआ है। धार्मिक पर्यटन और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से यह इलाका भी आगे बढ़ेगा। अगर काशी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों को भी उसी तरह विकसित किया जाये, तो यूपी तेजी से तरक्की करेगा। इससे यूपी के साथ पूरे भारत का विकास होगा। 2024 की आशा यही है कि यूपी उड़ान भरने को तैयार है।

### भारत की अर्थव्यवस्था में उछाल जारी

2023-24 में भारत की अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है और 2024-25 भी उतना ही शानदार रह सकता है, अगर अमेरिका और यूरोप भारी मंदी में न फंसें। भारत के अंदरूनी हालात, खासकर चुनावी सालों में राज्यों का खर्च बढ़ने के कारण अच्छे हैं। 2024 में लोकसभा चुनाव के अलावा झारखंड, ओड़िशा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव होने हैं।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा

जम्मू-कश्मीर में भी इसी साल चुनाव होंगे, लेकिन सबसे बड़ी बात शायद सितंबर से पहले राज्य का दर्जा बहाल होना है। अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी फैसले को सही ठहराते हुए वहां राज्य की बहाली का रास्ता जल्द से जल्द स्पष्ट करने को कहा था। उम्मीद है कि यह साल 'धरती के स्वर्ग' में अमन का रास्ता साफ करेगा।

### क्रिकेट का जुनून और बजट का जादू

2024 में खेल जगत में सबसे ज्यादा धूम मचेगी क्रिकेट की टी-20 विश्व कप की। यह जून में अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होगा। उम्मीद है कि इस बार भारतीय टीम 2023 के वनडे विश्व कप जैसा निराश नहीं करेगी। इससे पहले मार्च-मई में भारत में महिला आइपीएल और पुरुष आइपीएल का भी रोमांच देखने को मिलेगा। व्यापार जगत भी इन प्रतियोगिताओं से खूब कमाई की उम्मीद कर रहा है। 2009 में लोकसभा चुनावों के कारण आइपीएल को दक्षिण अफ्रीका स्थानांतरित करना पड़ा था। देखना होगा कि क्या ऐसा 2024 में भी होगा।

### चुनाव से पहले बजट पर नजर

लेकिन खेल-खेल से पहले 1 फरवरी को 2024-25 का केंद्रीय बजट पेश किया जायेगा। वैसे तो आमतौर पर चुनावी साल में बजट उबाऊ होता है, लेकिन मोदी सरकार के इतिहास को देखते हुए कोई आश्चर्य नहीं कि इसमें चुनाव प्रचार के लिए एक-दो तोहफे छिपे हों।

### जनगणना का इंतजार, गगनयान की उड़ान

सालों से टली हुई जनगणना 2024 में होनी ही चाहिए। यह न सिर्फ चुनाव क्षेत्रों के सीमांकन के लिए जरूरी है, बल्कि संसद में पास हो चुके 33 फीसदी महिला आरक्षण बिल को लागू करने के लिए भी जरूरी है। अगर इस साल जनगणना शुरू हुई, तो नतीजे 2025 तक ही मिलेंगे, जिससे 2029 तक लोकसभा सीटें बढ़ाने का काम थोड़ा मुश्किल हो जायेगा। इसके अलावा 2024 में अच्छी बारिश की उम्मीद के साथ-साथ 'गगनयान' प्रोजेक्ट भी पूरे साल सुर्खियों में रहेगा। इस साल कई टेस्ट लांच होंगे और अगर सब कुछ ठीक रहा, तो यह भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन की तैयारियों को गति देंगे। कुल मिला कर 2024 एक ऐसा साल हो सकता है, जिसमें भारत कई क्षेत्रों में ऊंचाइयां छू सकता है, बस जरूरत है चीजों के सही दिशा में चलने की।

---

# पीएम मोदी से नफरत करने में कुछ लोग अपना सत्यानाश कर लेते हैं : आचार्य प्रमोद कृष्णम

**आचार्य प्रमोद कृष्णम** ने विपक्षी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नफरत करने में कुछ लोग अपना सत्यानाश करने में लगे हैं। पीएम का विरोध करना ठीक है। उनके फैसलों की आलोचना करने में भी कोई बुराई नहीं है। लेकिन, नफरत सही नहीं है। लोकतंत्र में नफरत की कोई गुंजाइश नहीं है। इसी निगेटिविटी के चक्कर में कई लोगों ने अपना सत्यानाश कर लिया है और बनी बनायी सरकारों को भी गिराया है। लोकतंत्र में स्वस्थ आलोचना की जगह है। निगेटिविटी की नहीं। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राम मंदिर का भी जिक्र किया। उन्होंने राम का विरोध करनेवाले को नास्तिक बताया। प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राम मंदिर का उद्घाटन समूचे देश का उत्सव है। जिन लोगों को भी राम मंदिर के उद्घाटन पर जाने का निमंत्रण मिला है, उन्हें वहां जरूर जाना चाहिए। यह सौभाग्य होगा। निमंत्रण ठुकराना दुर्भाग्य की बात होगी।



### लोकतंत्र में निगेटिविटी की गुंजाइश नहीं

प्रमोद कृष्णम से पूछा गया था कि उनकी पार्टी के साथ दूसरे विपक्षी दलों के भी कुछ नेता मोदी सरकार पर राम मंदिर के नाम पर वोट बटोरने का आरोप लगा रहे हैं। इस पर कांग्रेस नेता ने नसीहत देते हुए कहा कि यह बड़ा दुर्भाग्य है। लोकतंत्र में ऐसा नहीं होना चाहिए। आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करें, उनके फैसलों की अलोचना करें। लेकिन, मोदी से नफरत करें यह लोकतंत्र की निशानी नहीं है। कुछ लोग ऐसे हैं जो नरेंद्र मोदी से नफरत करने में अपना सत्यानाश कर रहे हैं।

आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले- विपक्ष में कुछ नेता ऐसे हैं जिन्होंने अपनी बनी बनायी सरकारों को गिराया है। यह तो सत्यानाश ही है। यह निगेटिव एनर्जी है। लोकतंत्र में निगेटिविटी की गुंजाइश नहीं है। आलोचना की गुंजाइश है।

### राम का विरोध करने वाला नास्तिक

**कांग्रेस नेता ने राम का विरोध करने वालों को नास्तिक बताया। वह बोले- जो राम का विरोध करे वो नास्तिक। राम का विरोध करने वाले को तो राजनीति करने का अधिकार नहीं है। राम का विरोध कर भारत में राजनीति करने वाले को जनता नकारती है। प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राम के मंदिर का उद्घाटन भारत का उत्सव है। इसमें नेगेटिव बातें कर द्वेश और ईर्ष्या लाना ठीक नहीं है। यह हमारी संस्कृति नहीं है। दुश्मन के घर में भी अगर खुशी होती है तो हम खुशी मनाते हैं। यह भारत है। जिन्हें रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण मिला है, उनका परम सौभाग्य है। जो नहीं जायेंगे यह उनका दुर्भाग्य होगा।**

---

## लालू यादव से मिले विधानसभा अध्यक्ष, तेजप्रताप यादव भी रहे साथ

# बिहार में राजनीतिक पारा हाई, राजद और जदयू के बीच खटास बढ़ी

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने रविवार की दोपहर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद से मिलने उनके आवास पहुंचे। दस सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी देवी के आवास पर दोनों के बीच मुलाकात हुई। बिहार की राजनीति में इन दिनों लगातार हलचल का दौर जारी है। नीतीश कुमार के जेडीयू राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद कहा जा रहा है कि राजद और जदयू के बीच खटास की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इसी बीच विधानसभा स्पीकरअवध बिहारी चौधरी ने राबड़ी देवी आवास जाकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की है। इस दौरान मंत्री तेज प्रताप यादव भी मौजूद रहे। इस मुलाकात को लेकर सियासी गलियारे में एक बार फिर सरगर्मी बढ़ गयी है। कयास लगाये जा रहे हैं कि आइएनडीआइए गठबंधन और खासकर महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।



बिहार विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने रविवार की दोपहर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद से मिलने उनके आवास पहुंचे। दस सर्कुलर रोड स्थित पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास पर दोनों के बीच मुलाकात हुई। बीते दिन भी कई विधायक लालू से मुलाकात करने पहुंचे थे। राबड़ी आवास में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के 1 जनवरी को जन्मदिन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष के वहां मिलने को राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विधि मंत्री शमीम अहमद भी लालू यादव से मिलने पहुंचे थे। पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद भी आये थे। जानकार बताते हैं कि राज्य के बदलते सियासी दौर में इस मुलाकात के बड़े मायने हैं।

पिछले कुछ दिनों से जदयू और आरजेडी के बीच कटुता पनपने का दावा बीजेपी कर रही है। पार्टी लगातार आरोप लगा रही है कि ललन सिंह जेडीयू को आरजेडी में विलय करने वाले थे। उनकी तैयारी थी कि तेजस्वी यादव को जल्द बिहार के सीएम बनें। इस वजह से नीतीश कुमार उनसे नाराज थे। इस आरोप के बाद बिहार की राजनीति में खलबली मची है। ललन सिंह को जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटना पड़ा और नीतीश कुमार एक बार फिर जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गये। बीजेपी नेता सुशील मोदी ने आज भी दावा किया है कि नीतीश कुमार की कुर्सी खतरे में है। इस बीच विधानसभा स्पीकर की लालू यादव से मुलाकात को लेकर बिहार में राजनीतिक पारा हाई हो गया है।

बिहार में राजनीतिक बदलाव के की प्रबल संभावना के पीछे कारण भी बताया जा रहा है। 2016 में शरद यादव को हटाकर नीतीश कुमार ने पार्टी की कमान अपने हाथों में ले ली थी। उसके बाद 2017 में उनकी पार्टी महागठबंधन से निकल गये। उन्होंने राजद और कांग्रेस से किनारा कर लिया और एक बार फिर से बीजेपी के साथ एनडीए में चले गये। आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव समेत आरजेडी के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं और जेडीयू इस मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाती है। लेकिन 2022 में एक बार फिर नीतीश कुमार ने बीजेपी का साथ छोड़ दिया और उसी राजद के साथ मिलकर महागठबंधन सरकार बना ली जिसके नेताओं पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगा रहे थे।

एक बार फिर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाने से नीतीश कुमार के बीजेपी के साथ जाने की अटकलें तेज हो गयी हैं। जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा दावा कर रहे हैं कि नीतीश कुमार के पास एनडीए में जाने के अलावा कोई चारा नहीं है। उपेंद्र कुशवाहा ने यह भी कहा है कि नीतीश कुमार चाहें तो उनके लिए बीजेपी से पैरवी कर सकते हैं। यह अभी ध्यान देने की बात है कि नीतीश कुमार को जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने के बाद डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने अपना विदेश द्वारा रद्द कर दिया। इन हालातों में विधानसभा अध्यक्ष का सबसे ज्यादा विधायकों वाली पार्टी आरजेडी के मुखिया से मुलाकात सामान्य घटना नहीं है।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.2 °c | 11.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.14 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.30 बजे |



# खरसावां गोलीकांड: 76 साल बाद भी अबूझ पहेली और आंखों में आंसू बरकरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खरसावां।** आजाद भारत का पहला सबसे बड़ा नरसंहार खरसावां गोलीकांड 76 साल बाद भी अबूझ पहेली बनी हुई है। 1 जनवरी, 1948 को खरसावां हाट में अपने हक के लिए शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे आदिवासियों पर अंधाधुंध फायरिंग की गयी थी। गोलीकांड की जांच के लिए ट्रिब्यूनल का गठन किया गया, पर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई। घटना में कितने लोग मारे गये, इसका कोई दस्तावेज तक नहीं है। गोलीकांड में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी। खरसावां के शहीदों की कुर्बानी को इतिहास भी कभी भूला नहीं सकता है।

**खरसावां और सरायकेला रियासतों का ओड़िशा में विलय होना था :** बताया जाता है कि



15 अगस्त, 1947 को देश आजादी के बाद राज्यों के पुनर्गठन के दौर से गुजर रहा था। तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देसी रियासतों को मिला कर देश के एकीकरण की प्रक्रिया शुरू की। रियासतों को तीन श्रेणियों ए- बड़ी रियासतें, बी- मध्यम और सी श्रेणी में छोटी रियासतों को रखा गया। उस समय खरसावां और सरायकेला छोटी रियासतें थीं। इन्हें सी-श्रेणी में रखा गया था। अनौपचारिक तौर पर 14-15 दिसंबर को खरसावां और सरायकेला रियासतों का ओड़िशा में विलय का समझौता हो चुका था। 1जनवरी, 1948 से समझौता लागू होना था।

खरसावां गोलीकांड पर वरिष्ठ पत्रकार सह प्रभात खबर झारखंड के कार्यकारी संपादक अनुज कुमार सिन्हा की किताब झारखंड आंदोलन के दस्तावेज : शोषण, संघर्ष और शहादत में एक अलग से अध्याय है। वो लिखते हैं, मारे गये लोगों की संख्या के बारे में बहुत कम दस्तावेज उपलब्ध हैं। पूर्व सांसद सह महाराजा पीके देव की किताब 'मेमोयर ऑफ ए बायगॉन एरा' के मुताबिक घटना में दो हजार लोग मारे गये थे। हालांकि, तब कलकत्ता (अब कोलकाता) से प्रकाशित अंग्रेजी अखबार द स्टेट्समैन ने घटना के तीसरे दिन 3 जनवरी के अंक में घटना से संबंधित एक खबर छापी, जिसका शीर्षक था- 35 आदिवासी किल्ड इन खरसावां। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि खरसावां का ओड़िशा में विलय का विरोध कर रहे 30 हजार आदिवासियों पर पुलिस ने फायरिंग की। इस गोलीकांड की जांच के लिए ट्रिब्यूनल का गठन किया गया था, पर उसकी रिपोर्ट का क्या हुआ, किसी को पता नहीं।

**सरकारी स्तर पर दो शहीदों के आश्रितों को मिला सम्मान :** वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खरसावां गोलीकांड के दो शहीद महादेव बुटा (खरसावां) के सिंगराय बोदरा और बाइडीह (कुचाई) के डोलो मानकी सोय के आश्रितों को एक-एक लाख रुपये की राशि देकर सम्मानित किया था। इनके अलावे सरकारी स्तर पर किसी अन्य शहीद की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय विधायक दशरथ गागराई भी इस मुद्दे को लेकर विस में काफी मुखर रहे हैं।


### जनसभा में पहुंचे लोगों पर हुई थी अंधाधुंध फायरिंग

1 जनवरी, 1948 को आदिवासी नेता जयपाल सिंह ने खरसावां और सरायकेला को ओड़िशा में विलय के विरोध में खरसावां हाट मैदान में विशाल जनसभा का आह्वान किया। जनसभा में कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोग पहुंचे थे। इसे देखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये थे। किसी कारणवश जनसभा में जयपाल सिंह नहीं पहुंच सके। पुलिस और जनसभा में पहुंचे लोगों में किसी बात को लेकर संघर्ष हो गया। अचानक पुलिस ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें सैकड़ों लोगों को गोली लगी। खरसावां हाट मैदान आदिवासियों के खून से लाल हो गया था।

### लाशों को कुआं में डाल कर मिट्टी से भर दिया गया

गोलीकांड में मृतकों की संख्या का आज तक पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि लाशों को खरसावां हाट मैदान स्थित एक कुआं में भर कर ऊपर से मिट्टी डाल दी गयी। यही स्थल आज शहीद बेदी और हाट मैदान शहीद पार्क में तब्दील हो गया है। बताया जाता है कि गोलीकांड के बाद पूरे देश में प्रतिक्रिया हुई। तत्कालीन समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया ने खरसावां गोलीकांड की तुलना जलियांवाला बाग हत्याकांड से की थी।







## चाइबासा में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की दो दिवसीय बैठक

# आदिवासियों की सच्ची हितैषी है भाजपा : बाबूलाल मरांडी

- कई राजनीतिक प्रस्ताव हुए पारित
- भाजपा ने दिया झारखंड, भाजपा ही संवारेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक चाइबासा के पिल्लई हॉल में हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जहां दूसरी पार्टी के कार्यकर्ता पिकनिक और छुटियां मना रहे हैं, वहीं इतनी बड़ी तादाद में आये झारखंड के दूर-सुदूर से जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता का आना ही कार्यक्रम की सफलता को प्रदर्शित करता है। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा को तीन राज्यों में जो विजय मिली है, उसमें आदिवासी समाज का बहुत बड़ा योगदान है। तीनों राज्यों में एसटी रिजर्व सीट में भी भाजपा को सीटों में काफी बढ़त मिली है। भाजपा ने आदिवासी समाज की बेटी को देश की राष्ट्रपति बनाया। वहीं छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज के बेटे को मुख्यमंत्री बनाया। जहां कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा में एक परिवार के लोग ही सब कुछ बनेंगे, बाकी सामान्य कार्यकर्ता के लिए कुछ बनना स्वप्न जैसा लगता है।



श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन को बेचने वाले लोग आज अपने आपको झारखंड के हितैषी बनते घूम रहे हैं। शिबू सोरेन अलग राज्य के लिए नहीं, बल्कि पैसा लेने के लिए लड़े। झारखंड अलग होने के समय शिबू सोरेन सांसद भी नहीं थे। आदिवासी समाज ने अग्रिम पंक्तियों में रहकर झारखंड अलग आंदोलन की लड़ाई लड़ी, लेकिन शिबू सोरेन ने बेचा। अटल जी ने प्रधानमंत्री बनते ही यहां के आदिवासियों-मूलवासियों की मांग को पूरा करते हुए अलग राज्य दिये। भाजपा नहीं रहती, तो राज्य अलग नहीं हो पाता। राज्य के आदिवासी समाज में हेमंत सरकार से काफी निराशा है।

मोर्चा के कार्यकर्ताओं को गांव के छोटे-छोटे पर्व त्योहार में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, उनका सहयोग करना चाहिए। कार्यसमिति की बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव लाया गया। भूषण पाठ पिंगुवा ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा और प्रस्ताव का समर्थन गीता बलमुचू, बड़कुंवर गागराई, ताला मरांडी ने किया। संचालन महामंत्री बिंदेश्वर उरांव और धन्यवाद ज्ञापन विजय मेलगंडी ने किया।

### इनकी रही मौजूदगी

शिवशंकर उरांव, समीर उरांव, निक्की हेंब्रोम, गंगोत्री कुजूर, रामकुमार पाहन, जेबी तुबिद, लक्ष्मण टुडू, मिस्त्री सोरेन, अशोक बड़ाइक, मेनका सरदार, शशि भूषण सामड समेत अन्य मौजूद थे।







P.R. 314856 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in




12 बजते ही गूंजा हैप्पी न्यू इयर

# कइले बा कमाल तोहर लाल घाघरा...

## लाइव बैंड, डीजे, मॉकटेल के साथ मना जश्न





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खुशियों का झूमता समां, डीजे धुन पर साज की झंकार-ताल, आवाज के जादू के संग गूंजती सुर लहरियां, तेज म्यूजिक पर थिरकते युवा, जोश, जुनून और आसमान में आतिशी सितारों की बारात। रात 12 बजे घड़ी की सुइयां मिलते ही नया साल 2024 के आगमन होते ही हैप्पी न्यू इयर की आवाजों की गूंज के साथ कुछ लम्हों के लिए बंद की गयी झिलमिलाती रंगीन लाइट्स खुशियों के साथ फिर जगमगा उठीं। हर तरफ खुशियों के माहौल में चहकते, नाचते, झूमते और गाते लोगों ने एक-दूसरे को हैप्पी न्यू इयर कहा।

राजधानी रांची में लाइव बैंड, डीजे, मॉकटेल और आतिशबाजी के साथ होगा न्यू इयर 2024 के स्वागत को राजधानी रांची तैयार थी। अनलिमिटेड ड्रिंक, लजीज व्यंजन के साथ, रशियन बेले डांसर, म्यूजिकल और डांस ग्रुप परफॉर्म और आतिशबाजी की भी व्यवस्था रही।

**कांके रिजॉर्ट:** कांके रिजॉर्ट के एनवाइइ पार्टी में नये साल का स्वागत लाइव बैंड, इमसेर पूर्ती, डीजे अवनी जोशी के साथ लाल घाघरा फेम नमृता मल्ला का परफॉरमेंस के साथ हुआ। अनलिमिटेड फूड, मॉकटेल और बच्चों के लिए किड्स काउंटर भी थे। रेडिसन ब्लू में नये साल का स्वागत करने की तैयारी पूरी थी। यहां ब्लू बर्ड बैंड के परफॉरमेंस के अलावा सोनिया शील का डांस परफॉरमेंस रहा। हरमू बाइ पास रोड स्थित द काव में मिडनाइट मार्टिनी कार्यक्रम के साथ नये साल का स्वागत हुआ। इंडिया की फर्स्ट फीमेल बैंड मिस्टीक पॉप अपने गानों और म्यूजिक के परफॉरमेंस किया। वहीं विदेशी डांसर का टूप सबको नचाया। रशियन बेली डांसर का खास परफॉर्मेंस हुआ। इसके साथ अनलिमिटेड डिनर, लाइव सिंगिंग, ड्रम, मेलोडी भी आकर्षण का केंद्र रहा।

सर्कुलर रोड के प्रणामी हाइट स्थित **धुनकी** नये साल का स्वागत बॉलीवुड डीजे वीडीजे शान और रांची में पहली बार एरियल एक्ट के साथ किया गया। वेज और नॉनवेज फूड के साथ म्यूजिक नाइट और शानदार डेकोरेशन के साथ रांची के लोगों ने खूब मस्ती की।

बरियातू स्थित **मैथन हॉल** में थ्रिलिंग 2024 न्यू इयर पार्टी का आयोजन किया गया। मुंबई के रॉकस्टार सिंगर संजीव जयसवाल, कोलकाता की पॉप सिंगर अपराजिता बासु और कोलकाता के कुमार सानू कहे जाने वाले विवश भट्टाचार्य प्रस्तुति दी। कांके रोड स्थित रॉक गार्डन में स्थित **ऑन द रॉक** में नये साल का धमाल मचा। कांके रोड स्थित मीनू हाइट्स में ग्रीका किचन एंड बार में नये साल का स्वागत मुंबई के चांस ली बैंड और डीजे मिक्की के साथ हुआ। मेन रोड रतन टॉकीज के पास टॉनिक बार एवं रेस्तरां लापरवाही बैंड के साथ रांची के लोगों ने खूब मस्ती की। हॉलिडे होम स्काई ग्रुप और डीजे आकाश के धुन पर लोगों को झुमाया।

# पूजित अक्षत आज से घर-घर पहुंचेगा




आजाद सिपाही संवाददाता

### धार्मिक अनुष्ठान और श्रीराम लला दर्शन करने का भी मिलेगा न्योता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्यकारिणी की बैठक हरमू रोड रांची स्थित प्रांत कार्यालय में कार्याध्यक्ष तिलकराज मंगलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। तिलकराज मंगलम ने कहा कि भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम जन-जन के मन में बसे हुए हैं। विश्व के संपूर्ण हिंदू समाज के लिए भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा अविस्मरणीय संजोग का क्षण होगा। हिंदू समाज के लिए भारत की संपूर्ण भूधरा अयोध्या एवं प्रत्येक मंदिर श्रीराममंदिर ही होगा। उन्होंने कहा कि समस्त हिंदू समाज निकटतम मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के साथ घरों में दीपोत्सव के लिए 22 जनवरी के शुभ दिवस की प्रतीक्षा में है। विहिप के प्रांत मंत्री डॉ बीरेंद्र साहू ने कहा कि संपूर्ण देश सहित झारखंड में भी श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उल्लास का वातावरण बना हुआ है। एक जनवरी से 15 जनवरी के बीच पूजित अक्षत 31 लाख से अधिक परिवार तक पहुंचाया जायेगा। 344 प्रखंड की 4491 पंचायत तक पूजित अक्षत कलश पहुंच चुका है। विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित सभी अनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ताओं के 5000 से अधिक टोलियां पूजित अक्षत लेकर परिवार तक पहुंचेगी। मौके पर गंगा प्रसाद यादव, सुनील गुप्ता, देवी सिंह, मनोज पोद्दार, रंगनाथ महतो, दीपक ठाकुर, अरविंद सिंह, स्वामी कृष्णा चैतन्य ब्रह्मचारी, मिथिलेश्वर मिश्र, गणेश शंकर विद्यार्थी समेत अन्य मौजूद थे।

# खेल संघ का रजिस्ट्रेशन कराने की तैयारी में जुटा विभाग

### जोहार खिलाड़ी पोर्टल पर होगा पंजीयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार सभी जिलों में कार्यरत खेल संघों के रजिस्ट्रेशन की तैयारी में लग गयी है। इसके लिए सभी जिलों के जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से निदेश भी जारी किया जा रहा है। डीएसओ के माध्यम से जिलों के खेल संघों, उनके अध्यक्ष, सचिव से कहा जा रहा है कि उनका पंजीकरण जोहार खिलाड़ी पोर्टल पर किया जाना है। खिलाड़ी पोर्टल पर निबंधन के संबंध में 21 दिसंबर को खेलकूद निदेशालय के स्तर से निर्देश दिया गया है। इस क्रम में खेल संघ को जरूरी सूचनाएं इ-मेल आइडी, मोबाइल नंबर पर जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय में 4 जनवरी तक उपलब्ध कराने को कहा गया है।

खेल निदेशालय यह उम्मीद जता रहा है कि जिलों में किस-किस खेल के लिए कौन से संघ कार्यरत हैं। झारखंड ओलंपिक संघ या किसी अन्य से उन्हें मान्यता है कि नहीं। इस आधार पर संघों से खेल गतिविधियों को और बढ़ावा देने में मदद ली जायेगी। साथ ही समय-समय पर अनुदान भी उचित संघों को देने में मदद होगी।

### कांट्रैक्ट पर सात खेलों के लिए 24 स्पोर्ट्स कोच होंगे नियुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड को खेल प्रशिक्षकों की जरूरत है। इसके लिए विज्ञापन जारी करते हुए 10 जनवरी 2024 तक आवेदन भी मंगाये गये हैं। इसके मुताबिक सात अलग-अलग खेलों में उसे कुल 24 कोच की जरूरत है। इनमें हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और कबड्डी जैसे खेल शामिल हैं। चयनित कोचों से निदेशालय द्वारा संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों में सेवाएं ली जायेंगी। जिनका चयन होगा, उनसे संविदा आधारित सेवाएं ली जानी हैं। साथ ही चयनित कोचों को मासिक मानदेय के तौर पर 60,400 रुपये दिये जायेंगे। रांची, धनबाद और बोकारो के लिए चयनित किये जानेवाले कोचों को हर माह 62,800 रुपये मिलेंगे। इच्छुक और योग्य कैंडिडेट जरूरी डाक्यूमेंट्स और आवेदन मोरहाबादी रांची स्थित निदेशालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक- स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

# कला और संस्कृति को बढ़ावा देना ही उद्देश्य : मदन महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पांच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन, बिरसा प्रगतिशील समिति और नवोदय संस्था के सौजन्य से डोरिया स्थित संत जॉन स्कूल परिसर में सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। महेंद्र नाथ शाह, पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव की अगुवाई में जुलूस निकाला गया। प्रखंड से आये कलाकारों ने मनमोहक झांकियां और नृत्य प्रस्तुत किये। महेंद्र नाथ शाह देव ने कहा कि यह कार्यक्रम पांच परगना के लिए सांस्कृतिक उलगुलान है। मौके पर प्रवीण कुमार, रमण गुप्ता, जगतपाल, संजय कुमार साहू, मदन महतो, रीता देवी, करम सिंह मुंडा, ऊषा मुंडू, पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, ठाकुरदास बजरंग पातर समेत अन्य उपस्थित थे।

## पीएम मन की बात बन गयी जन-जन की आवाज : संजय जायसवाल

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को बूथ संख्या 26-27 के मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मन के, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां, 108 घंटियां, 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है। मौके पर राजकुमार जयसवाल, शुभम जयसवाल, सोनू सिंह, सुरेंद्र चौधरी, संजय चौधरी, संतोष कुमार चौधरी समेत अन्य उपस्थित थे।

## हिट एंड रन कानून में सजा के प्रावधान पर जतायी आपत्ति

**रांची।** झारखंड ट्रक मालिक संघ ने भारतीय न्याय संहिता में हिट एंड रन कानून में बदलाव के विरोध में रविवार को इटकी रोड स्थित कार्यालय में बैठक की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष लालन श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत 10 वर्ष की कैद और पांच लाख जुर्माना के प्रावधान से ड्राइवर और वाहन मालिकों के बीच भय और आराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। बैठक में संघ के सचिव उदय सिंह ने कहा कि परिवहन उद्योग और चालक देश की अर्थव्यवस्था के पहिये में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नये भारतीय न्याय संहिता के तहत थोपा गया कानून न केवल चालकों बल्कि ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पर भी भारी बोझ डाल रहा है। उपाध्यक्ष कमलजीत सिंह, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, राज वर्मा, भीष्म सिंह, संजय झा, अजय अग्रहरि मौजूद थे।

# लोकसभा में पार्टी का उम्मीदवार होगा: धर्मेंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने पार्टी कार्यालय में कहा कि हमारी पार्टी ने झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए जनहित के सभी मामलों को प्रमुखता से उठाया है। जन मुद्दों का समाधान करने की दिशा में पहल की है। कार्यकर्ताओं को पार्टी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहें। आगामी लोकसभा और विधानसभा का चुनाव पार्टी अपने बल पर लड़ेगी। लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर, धनबाद, पलामू, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करेगी। कहा कि सरकार ने जिस तरह से 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के नाम पर युवाओं को ठगा, घोटालेबाजों-माफियाओं को प्रश्रय दिया और उनका मनोबल बढ़ाया। पूरे राज्य में अवैध पत्थर एवं बालू खनन को जिस तरह से बढ़ावा दिया। यह सब चीजों राज्य की जनता देख रही है और इसका माकूल जवाब वह आगामी चुनावों में देगी।

# खुदरा व्यावसायिक संघ की कार्यकारिणी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य खुदरा व्यवसाय संघ की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता सुरेंद्र गुप्ता ने की। महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पोद्दार ने वर्ष 2023 के आय व्यय प्रस्तुत किया। मंत्री संजय पोद्दार ने नगर निगम में ट्रेड लाइसेंस संबंधी कठिनाइयों पर चर्चा की। महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पोद्दार ने कहा कि संघ को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य के सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा, ताकि खुदरा दुकानदारों को व्यापार संबंधी कठिनाइयों से बचाया जा सके। इस अवसर पर योगेंद्र प्रसाद पोद्दार, अशोक अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, संजय अग्रवाल, संजय पोद्दार सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधायक दीपिका ने पिता को दिया श्मशान तक कंधा, दी मुखाग्नि



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिस पिता ने गोद में खिलाया, उनका हाथ पकड़ कर चलना सीखा, उस पिता की अर्थी को जब बेटी ने कंधा देकर अंतिम विदाई दी, तो सभी की आंखें भर आयीं। लाड़ली बेटी वर्तमान में विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने पुरानी मान्यता को तोड़ते हुए पिता की अर्थी को न केवल कंधा दिया, बल्कि श्मशान तक जाकर मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार किया। बेटा ही पिता की चिता को मुखाग्नि देता है, लगता है यह बात अब गुजरे जमाने की हो चुकी है। रविवार को बेटी दीपिका ने बेटे का फर्ज निभाते हुए पिता का अंतिम संस्कार किया। विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने अपने दिवंगत पिता अरुण पांडेय को रविवार को मुखाग्नि दी। सीठियो श्मशान घाट में उनके अंतिम संस्कार के मौके पर कांग्रेस सहित विभिन्न संगठनों के भी कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे। इससे पहले दीपिका पांडेय के सेक्टर 2 धुर्वा स्थित आवास से शवयात्रा निकली। अपने पिता को कंधा देते हुए जब दीपिका आगे बढ़ीं, तो वे फफक कर रो पड़ीं। इस दौरान माहौल गमगीन भी हो गया। हर किसी की आंखें नम हो गयीं। इसके बाद शवयात्रा अरुण पांडेय के सेक्टर-2 स्थित मकान के पास ले जायी गयी, जहां लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ पिंटू, पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब आलम सहित कई गन्यमान्य लोग भी शामिल हुए।

बताते चलें कि अरुण पांडेय का स्वास्थ्य पिछले एक साल से खराब चल रहा था। वह अपनी बेटी दीपिका पांडेय के घर में रहते थे। लंबी बीमारी के बाद शनिवार को उनका निधन हो गया था। वह अपने पीछे तीन बेटी और पत्नी को छोड़ कर चले गये। महागामा विधायक दीपिका पांडेय उनकी सबसे बड़ी बेटी है। एक बेटी कनाडा में रहती है, जो रविवार की सुबह तक रांची नहीं आ सकी। अरुण पांडेय 1973 से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय राजनीति में रहे। कांग्रेस के हर कार्यक्रम और लोगों की सेवा करने में वह हमेशा आगे रहते थे। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी कांग्रेस की सेवा में लगा दी थी। पत्नी प्रतिभा पांडेय झारखंड कांग्रेस महिला की अध्यक्ष रहीं। वे महिला आयोग की अध्यक्ष भी रहीं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पासवान महासम्मेलन झारखंड प्रदेश की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। पासवान महासम्मेलन झारखंड प्रदेश की बैठक डोरंडा मणिटोला में अलख निरंजन लाल के निवास स्थान पर बबलू पासवान (रोहित) की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पासवान समाज का महासम्मेलन प्रदेश स्तरीय रांची के मोरहाबादी मैदान या धुर्वा मैदान में कराने का निर्णय लिया गया। महासम्मेलन का संयोजक सर्वसम्मति से बबलू पासवान (रोहित) को बनाया गया। बैठक में 21 सदस्यीय कोर कमिटी का गठन किया गया। महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में चिराग पासवान सांसद जमुई लोकसभा को बनाये जाने का विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लाल बहादुर पासवान, माधव प्रसाद, गुप्तेश्वर पासवान, कौशल किशोर, अनिल पासवान, पूनम बाला, महाबीर पासवान, बीरू पासवान एवं अन्य शामिल हुए।

### जौहर एकेडमी : बाल वैज्ञानिकों ने मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा



रांची (आजाद सिपाही)। जौहर एकेडमी धुर्वा में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रदर्शनी में कक्षा छह से कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने मॉडल प्रदर्शित किये। प्रोग्राम में स्कूल के बच्चों ने दीन-ए-इस्लाम से जुड़े ऐतिहासिक स्मारक जैसे मजिद-ए-अक्सा, काबा का विकास, पैगंबर नूह अलैहिस्सलाम का इतिहास पेश किया। बच्चों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न प्रकार के विज्ञान के चमत्कार पर मॉडल प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य नाजिया परवेज ने बताया कि इस विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए किया गया। संचालक मो सेराजद्दीन ने कहा कि हमें अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए और सभी बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए योगदान देना होगा। संचालक मो जकिउर रहमान ने कहा कि प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपनी संपूर्ण प्रतिभा को इस मॉडल में दर्शाया है। मीडिया प्रभारी मो इम्तियाज ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाये।

### लेफ्ट बंडल पेसिंग से पारस एचइसी अस्पताल में मरीज की बचायी जान



रांची (आजाद सिपाही)। पारस एचइसी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ कुंवर अभिषेक आर्य ने 59 वर्षीय एक मरीज की जांच में पाया कि मरीज के हृदय में कंडक्शन ब्लॉकेज है, जिसके लिए पेसमेकर की आवश्यकता है। डॉ अभिषेक ने मरीज के परिजनों को प्राकृतिक बनाम गैर-प्राकृतिक पेसिंग के बारे में बताया और उन्हें दोनों विकल्पों में से एक को चुनने की सलाह दी। मरीज के परिजनों ने डॉ अभिषेक आर्य की सलाह के अनुसार प्राकृतिक पेसिंग का विकल्प चुना और रजामंदी दी। पारस एचइसी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक आर्य का कहना है कि वर्तमान समय में लेफ्ट बंडल पेसिंग हृदय के लिए पेसिंग का सबसे उन्नत तकनीक होने के साथ किफायती और मरीज के लिए लाभदायक है। सामान्य पेसमेकर के साथ कई समस्या देखी गयी है। पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश ने बताया कि आजकल दिल की बीमारी की समस्या बढ़ गयी है। आहार में शुद्धता की कमी और प्रदूषित वातावरण के कारण अधिकतर लोग हृदय रोग का शिकार हो रहे हैं।

### टेंडर हार्ट के रौनक ने जीता गोल्ड

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट स्कूल के रौनक राज महतो ने 67वीं नेशनल स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर राइफल अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक पर निशाना साध कर पूरे विद्यालय के साथ साथ झारखंड का नाम रौशन किया है। भोपाल में आयोजित इस नेशनल चैंपियनशिप में पूरे देश भर के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें रौनक ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। रौनक राज महतो टेंडर हार्ट स्कूल में अध्ययनरत हैं। चेयरमैन सुधीर तिवारी, प्राचार्या उषा किरण झा ने रौनक को बधाई दी।

### तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता तीन से



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति की ओर से तीन से 5 जनवरी तक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता होगी। इसे लेकर तैयारी जोरों पर है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पाहन जगलाल पाहन, अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, संदीप उरांव, सुरेंद्र लिंडा, मंगल मिंज, संतोष उरांव, गणेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### भारत बंद को सफल बताया





रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष- सत्यनारायण लकड़ा एवं केंद्रीय सरना समिति के उपाध्यक्ष- प्रमोद एक्का ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए 30 दिसंबर के भारत बंद को सफल बताया एवं उन्होंने कहा कि प्रकृति पूजक आदिवासी वर्षो से सरना कोड की लड़ाई लड़ रहे हैं। परंतु भाजपा की सरकार आदिवासी को सरना कोड नहीं देना चाहती है। केंद्रीय सरना समिति के उपाध्यक्ष- प्रमोद एक्का ने कहा कि जिस तरह से इसाई आदिवासियों का डिलिस्टिंग किया जायेगा उसी तरह धर्मांतरित हिंदू आदिवासी नेता मेघा उरांव, संदीप उरांव, सोमा उरांव जो कि अपने मन, विचार, चरित्र एवं करम हिंदुत्व कि ओर हैं ऐसे नेताओं का डिलिस्टिंग होना चाहिए ताकि अनुसूचित जनजाति का लाभ से पूर्ण रूप से वंचित हो सकें। उन्होंने कहा कि पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की एवं प्रभाकर तिर्की को सरना कोड को कैबिनेट नोट ड्राफ्टिंग और झारखंड सरकार को भेजने पर आभार व्यक्त किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# स्वागत 2024 : झारखंड के लिए है महत्वपूर्ण वर्ष

**प्रशांत झा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** '... बोलो टूटे तारों पर, कब अंबर शोक मनाता है, जो बीत गयी सो बात गयी।' हरिवंश राय बच्चन की यह कविता जीवन के लिए सटीक है। जी हां, वर्ष 2023 बीत गया। अब उस पर शोक और खुशी मनाने से क्या होगा। नया वर्ष 2024 आ गया। आज संकल्प का दिन है। आज स्वागत का दिन है। आज खुशियों का दिन है। हम सभी इसका स्वागत करते हैं। बीते वर्ष से शिक्षा लेते हैं और आगे बढ़ते हैं। झारखंड के लिए वर्ष 2024 महत्वपूर्ण है। इस वर्ष सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक सभी क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण घटनाएं घटित होनी तय है। हम कामना कर सकते हैं कि ये सभी राज्य को बेहतरी की ओर ले जायें, जिससे राज्यवासी प्रगति की ओर बढ़ें।




2023 राजनीतिक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा। झारखंड ने अपने गठन का 23 साल पूरा किया। हेमंत सरकार ने देखते-देखते चार साल पूरे कर लिये। विधायक कैश कांड, मुख्यमंत्री को इडी समन, राजभवन में चुनाव आयोग का लिफाफा मामला, भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के रूप में मिलना, पांचवीं विधानसभा में चार साल बाद अमर कुमार बाउरी के रूप में विपक्ष का नेता मिलना, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का ओड़िशा का राज्यपाल बनना, पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का निधन और उनकी पत्नी बेबी देवी का मंत्री बनना समेत कई राजनीतिक घटनाएं चर्चित रहीं। वहीं, भूमि घोटाला, अवैध खनन घोटाला समेत अन्य मामलों का इडी ने राज खोला। सांसद धीरज साहू के यहां आयकर छापा जैसी घटनाएं सुर्खियों में रहीं। इसने सामाजिक तान-बाना पर प्रभाव डाला। उधर, ऐसी कोई सरकार नहीं होती जो काम नहीं करती। कम या ज्यादा कुछ न कुछ समाज में जुड़ता ही है। हेमंत सरकार ने भी चार साल में राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा हर क्षेत्र में कुछ न कुछ जोड़ने का प्रयास किया। अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले योजना, छात्रवृति योजना, पेंशन समेत कई जनहित के कदम उठाये।

कहते हैं, जो बोआ है, वह काटना तो होगा ही। वर्ष 2023 की इन सभी घटनाओं का असर 2024 में तो दिखेगा इससे इंकार नहीं किया जा सकता। इससे इतर वर्ष 2024 में कई नये आयाम जुड़ने के द्वार खुल रहे हैं। अप्रैल-मई में लोकसभा का चुनाव होगा। झारखंड में 14 सीटें हैं। भाजपा-आजसू (एनडीए) के पास 12 सीटें हैं और कांग्रेस-झामुमो (आइएनडीआइए) के पास एक-एक सीट। फिलहाल दोनों गठबंधन तैयारी में जुटे हैं। इस चुनाव के खत्म होने और केंद्र में सरकार बनने के कुछ महीने बाद अक्टूबर-नवंबर में झारखंड विधानसभा का चुनाव होगा। राज्य में 81 सीटें हैं। इसके लिए राजनीतिक दलों के बीच रस्साकसी शुरू हो जायेगी। यानी यह पूरा वर्ष चुनाव और सरकार गठन के नाम ही रहेगा। लिहाजा यह वर्ष महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस वर्ष जो हम बोयेंगे, वह फसल अगले पांच साल काटनी होगी।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता का विजेता बना हजारीबाग



### सांसद और विधायक ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कुसुम फनजोन, प्रेम नगर हटिया में दो दिवसीय तृतीय झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2023 का समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन हटिया ताइक्वांडो क्लब द्वारा झारखंड राज्य ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने पंच मारकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक को हटिया ताइक्वांडो क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दूसरे दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ तथा विशिष्ट अतिथि युवा कार्य और खेलकूद विभाग के संयुक्त सचिव पंकज चौधरी और उप सचिव अरुण कुमार ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल लेकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में झारखंड के लगभग 200 खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में 127 अंक प्राप्त कर हजारीबाग प्रथम, 87 अंकों के साथ रांची दूसरे तथा 57 अंकों के साथ पूर्वी सिंहभूम तीसरे स्थान पर रहा। कार्यक्रम को संघ के उपाध्यक्ष श्रीनाथ महतो, सचिव उपेंद्र अग्रवाल, प्रशिक्षक मो. नदीम, संजय यादव, सुनील कुमार, समाजसेवी धनंजय कुमार, कृष्णा महतो, गुड्डू, कुमार दीप, सुरेश प्रसाद, लाल प्रमोद, विशाल, निरंजन ने मिलकर सफल बनाया।

## कार्निवल में भीड़ उमड़ी, साल के अंतिम दिन लोगों ने की मस्ती

### बेस्ट साड़ी प्रतियोगिता की विजेता रहीं प्रिया सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में कार्निवल के चौथे दिन भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। साल के अंतिम दिन खूब भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने कार्निवल आकर आनंद उठाया। सबसे पहले ट्रेजर हंट का आयोजन किया गया। बेस्ट मास्क कंपटीशन में काफी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा। 'जालिमा' बेस्ट मेकअप प्रतियोगिता में महिलाओं ने जमकर 2 मिनट में मेकअप कर दिखाया। चॉकलेट इटिंग कंपटीशन में सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। इसे कई राउंड में करना पड़ा। बेस्ट साड़ी कंपटीशन में काफी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने हिस्सा लिया। देर शाम ' बच्चों का फैशन शो आकर्षण का केंद्र रहा, जहां सैकड़ो की संख्या में बच्चे हिस्सा लिये। फैशन शो के निर्णायक और मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज प्रसाद और बिंदु प्रसाद उपस्थित थे। आज के सेल्फी थीम था सेल्फी विद कुतुब मीनार, जहां लोगों ने कुतुब मीनार के चित्र के गुंबद को छूते हुए सेल्फी ली।

**प्रतियोगिता के विजेता:** ट्रेजर हंट - आराध्या सान्याल, कुमारी आराध्या, आद्रिता शर्मा, अंशिता मिश्र, रितिका राज,राधिका कुमारी **जैम (जस्ट ए मिनट) शोः** फर्स्ट राउंड - छोटी, अधिक लिंबू, अंशु कुमारी, अंकिता कुमारी, आद्रिका शंकर। **सेकंड राउंड** - अंजना, गुलेश्वर सिंह,विजय कुमार, कोमल रानी, अमितेश पाठक, पूनम सिंह। **बेस्ट मास्क प्रतियोगिता** : तानिया कुमारी, रिद्धिमा, साई शेखर, अक्षत,आस्था कुमारी, निशु, रिचा, अंकुर गुप्ता, मनायता, मुस्कान। **जालिमा बेस्ट मेकअप प्रतियोगिताः** जूनियर : इशानी, आराध्या, आराध्या सिन्हा **सीनियर** : अंजना सिंह, काजल, कोमल रानी। **चॉकलेट ईटिंग प्रतियोगिता** : आस्था कुमारी, आराध्या सिंह। **बेस्ट साड़ी कंपटीशन** : प्रथम प्रिया सिंह, द्वितीय अंजना सिंह, तृतीय प्रीती शर्मा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा, सत्य प्रकाश चंदेल, अहसन अली, लोकेश, राहुल शाह देव, सौरव , गोपाल शाह देव, आनंद आदि सक्रिय है। इवेंट्स का आयोजन सिनेमैटिका के द्वारा किया जा रहा, जिसमें मुख्य रूप से अभिषेक, अनुष्का, खुशबू सौम्या, आकाश, आदित्य, पीयूष, आदित्य, अभिषेक प्रसाद, शिवेश, अश्का सिंह, शगुन, अंशु, सलोनी, सत्यम सक्रिय हैं।

## कुरमाली भाषा परिषद परिवार की टुसू पर्व को लेकर बैठक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कुरमाली भाषा परिषद परिवार की बैठक रविवार को सिटी पैलेस में हुई। इस बैठक में आगामी 13 जनवरी 2024 को मोराबादी मैदान में टुसू पर्व आयोजित की गयी है। इस पर गहन विचार विमर्श किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि जो टुसू दल में महिला नृत्य दल को प्राथमिकता दी जायेगी। टुसू पर्व में पिठा प्रतियोगिता रखा गया है। इस पिठा प्रतियोगिता में एक खाल जिसका रहेगा उसे प्राथमिकता दी जायेगी। इन तमाम बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। टुसू महोत्सव की विशेष चर्चा करते हुए कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने कहा कि टुसू पर्व झारखंड की स्वामी वन का प्रतीक है।

आज टुसू पर्व जातिय सीमा पार कर लोकप्रिय त्यौहार हो गया है। झारखंड के सभी निवासी धूमधाम से इस त्यौहार को मानते हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह, डॉ धनेश्वर महतो, इंजीनियर सत्यनारायण महतो, भूदेव, मनोज महतो, प्रोफेसर पार्वती महतो, रंभा देवी, प्रवर कुमार महतो, समीर पोद्दार मौजूद थे।

सभी कुरमाली भाषा परिषद परिवार के सदस्यों से 13 जनवरी को मोराबादी मैदान में दिन के 11 बजे तक पहुंचने का अनुरोध किया गया है। यह जानकारी डॉ राजाराम महतो ने दी।

## कोबरा गैंग के नाम पर मांगी एक करोड़ की रंगदारी, घर के बाहर फेंका बम

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के पुंदाग ओपी इलाके में कोबरा गैंग के नाम से एक करोड़ की रंगदारी मांगी गयी है। बताया जाता है कि मोहन शर्मा के मोबाइल पर व्हाट्सएप पर मैसेज किया गया और मैसेज कर एक करोड़ की रंगदारी मांगी है। मोहन शर्मा के घर के नजदीक अपराधियों ने बमबारी भी की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

रांची (आजाद सिपाही)। नया साल 2024 के स्वागत के लिए हर तरफ धूम मची। नये साल की खुमारी में डूबे लोगों का पर्यटक स्थलों पर खूब आवाजाही दिखी। नये साल पर रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में बाबा भोलेनाथ की पूजा के लिए भक्तों की भीड़ शुरू हो जाती है। इस बार पहाड़ी मंदिर में नववर्ष पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। बाबा के भक्तों को दर्शन करने में कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने सुविधाओं को बढ़ाया है। पहाड़ी मंदिर सभी रास्तों पर सीसीटीवी अब तक लगाये जा चुके हैं। एक जनवरी को भक्तों की भीड़ देखते हुए पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार के दायी ओर से रास्ता होगा। भीड़ को देखते हुए जगह-जगह बैरिकेडिंग की गयी है। नववर्ष में बड़ी संख्या में पुलिस बल पहाड़ी मंदिर में तैनात किये गये हैं।

**रहें सावधान-जश्न पर न पड़ जाये भंग:** नये साल के जश्न में कहीं भंग न पड़ जाये, इस कारण सावधान रहने की जरूरत है। पुलिस भी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है। मुख्यालय की तरफ से सभी जिलों को जरूरी गाइडलाइन जारी किये गये हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने जिले की सभी पिकनिक स्पॉट के अलावा शहर के रेस्टोरेंट और होटलों में सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से अलर्ट रहें। इस संबंध में झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि नये साल के जश्न में किसी भी तरह की बाधा ना आये, इसके लिए पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी की गयी है।

## श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1400 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 127वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने बच्चों के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में संस्था की सदस्य मीरा देवी आडुकिया और उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से किया गया। इसमें लगभग 1400 से ज्यादा श्रद्धालुओं-राहगीरों और जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद में पूड़ी, आलू-टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव, केसरिया खीर, केसरिया जलेबी ग्रहण किया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, ओम प्रकाश सरावगी, अरविंद अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, चंद्रदिप साहू, परमेश्वर साहु महिला समिति की विद्या देवी अग्रवाल, सीता शर्मा, चंदा देवी अग्रवाल, संतोष, सरीता, सुनीता उपस्थित थीं। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

## आदिवासी एकता महारैली का किया विरोध

रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी समाज की समस्याओं को लेकर महुआ जाड़ी खेल मैदान में रविवार को बैठक की गयी। इसमें फरवरी में आयोजित होने वाली आदिवासी एकता महारैली का विरोध करने पर सहमति बनी। इस दौरान रमा उरांव ने कहा कि इसाई मिशनरियों द्वारा आयोजित आदिवासी एकता रैली पूर्व विधायक बंधु तिर्की के नेतृत्व में होने वाला है, वह आदिवासी समाज को केवल और केवल ठगने वाली रैली है। कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में आदिवासियों की स्थिति दयनीय है। कहा कि जरूरत पड़ी, तो मांडर में विधानसभा स्तरीय विशाल डिलिस्टिंग महारैली की जायेगी। मौके पर हिंदुवा उरांव, एतवा उरांव, वीर चंद्र सहित कई गांवों के ग्रामीण मौजूद थे।

## पीडीएस दुकानदार आज से हड़ताल पर



रांची (आजाद सिपाही)। कमीशन बढ़ाने की मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद राज्यभर के पीडीएस डीलर 1 जनवरी से हड़ताल पर जाने को अडिग हैं। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन रांची के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने रविवार को बताया कि ठोस कार्रवाई के बाद ही हड़ताल खत्म होगी। उनकी मुख्य मांगों में कमीशन राशि प्रति किलो एक रुपये से बढ़ा कर तीन रुपये करने, अनुकंपा पर पीडीएस दुकान देने, पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत बांटे गये 13 माह के राशन का कमीशन देने की मांग शामिल हैं।

### चेंबर ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

## रोज कमाने-खानेवाले हैं परेशान

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने मुख्यमंत्री को पत्राचार किया है। चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि राजधानी को जाम मुक्त बनाने की दिशा में युद्धस्तर पर निर्माणाधीन सिरमटोली-मेकॉन एलिवेटेड कॉरीडोर, कांटाटोली फ्लाइओवर, रातू रोड एलिवेटेड कॉरीडोर समेत कई परियोजनाएं अब मूर्त रूप लेने लगी हैं, जिससे नये वर्ष में लोगों में बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर आस बढ़ी है। एसीबी कार्यालय कांके रोड से सहजानंद चौक तक फ्लाइओवर बनाने के निर्णय के लिए उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इस फ्लाइओवर का निर्माण होने से जनहित और रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान होगा। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि जहां भी फ्लाइओवर का निर्माण कार्य हो रहा है, ऐसी कई जगहों पर यह देखा जा रहा है कि मात्र एक छोटी गाड़ी जा सके, अथवा आ सके, इतनी ही जगह छोड़ी जा रही है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर जो पार्टीशन किया गया है, वह चार से छह माह से छोड़ा हुआ है, इससे उस पार्टीशन के बीच में पड़नेवाली छोटी-बड़ी दुकानें और रोजमर्रा खाद्यान्न बेचने वाली दुकानें, साथ में होटल, रेस्तरां संचालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई प्रतिष्ठान, दुकान बंद हो गये हैं या बंद के कगार पर हैं। आग्रह है कि इस तरह की बैरकेडिंग बिना वजह सड़क पर नहीं छोड़ी जाये। इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी करें। यह भी निर्देशित किया जाये कि यदि वहां निर्माण कार्य हो रहा है, तो 15 दिन से एक माह के अंदर बैरकेडिंग हटायी जाये, ताकि सड़क किनारे अवस्थित दुकानदार, होटल, रेस्तरां और आने-जानेवाले लोगों को राहत मिले।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सन्नी-मुस्कान को मिनी मिक्स्ड डबल्स में तीसरा स्थान



रांची (आजाद सिपाही)। 25वीं मिनी अंडर-14 आयु वर्ग बालक-बालिका और 25वीं यूथ अंडर-21 आयु वर्ग बालक-बालिका राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबाल प्रतियोगिता केरल में संपन्न हो गयी। केरल टेनिस वॉलीबाल संघ के द्वारा टेनिस वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड टेनिस वॉलीबाल टीम मिनी अंडर-14 आयु वर्ग में बालक और मिनी मिक्सड डबल्स में शामिल हुई थी। साथ ही यूथ अंडर 21 आयु वर्ग में बालक-बालिका और मिक्सड डबल्स में भी भाग लिया था। इसमें मिनी मिक्सड डबल्स में सन्नी राज और मुस्कान कुमारी की जोड़ी ने ओड़िशा को पराजित कर कांस्य पदक पर कब्जा किया। कांस्य पदक प्राप्त करने पर झारखंड राज्य टेनिस वॉलीबाल संघ के महासचिव ब्रजेश गुप्ता ने बधाई दी।

### धूम मचा रहा रोहित अखौरी का गाना



रांची (आजाद सिपाही)। रोहित अखौरी का गाना इन दिनों धूम मचा रहा है। रोहित अखौरी बिहार के रहने वाले हैं, रांची में कई राज्य स्तरीय संगीत प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उन्होंने 2008 में मुम्बई का रूख किया, जहां उनकी आवाज को संगीत जगत के जाने-माने गीतकार फैज अनवर ने पसंद किया और रोहित को पांच साल के कांट्रैक्ट में आने का प्रस्ताव दिया। फैज अनवर साहब ने संगीत निर्देशक जोगी घोष के साथ रोहित का एक घंटे का ऑडिशन लिया। इस दौरान रोहित की आवाज को विभिन्न गानों पर टेस्ट किया गया। आखिरकार रोहित इस मुश्किल ऑडिशन में पास हुए और उन्हें फैज अनवर साहब के साथ ये कांट्रैक्ट में आने का मौका मिला। रोहित का पहला म्यूजिक एलबम कई खव्वाहिशें में वल्ड वाइड रिकॉड्स के द्वारा रिलीज हुई। इसके गीतकार फैज अनवर है। संगीतकार जोगी घोष हैं। इसके बाद रोहित ने पद्मविभूषण उस्ताद गुलाम मुस्तफा खां से 2 साल संगीत की विधिवत तालीम ली। इसके बाद रोहित को काफी लंबा संघर्ष करना पड़ा। अंततः 2017 में बनी हिन्दी फिल्म अजब सिंह की गजब कहानी में उन्हें अपना पहला प्लेबैक गाना गाने का अवसर मिला।

### मीडिया पर हमला बर्दाश्त नहीं: विजय शंकर



रांची (आजाद सिपाही)। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने कहा कि मीडिया पर हमला किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पत्रकार को होटवार बिरसा केंद्रीय कारा जेल से अपराधियों द्वारा धमकी दिये जाने पर कहा कि अब जेल से अपराधियों की समानांतर सरकार चल रही है। व्यवसायी और जनता तो परेशान है ही, अब लोकतंत्र के चौथा स्तंभ पर भी हमला किया जा रहा है, जो बर्दाश्त के काबिल नहीं है।

### दसवीं के विद्यार्थियों के लिए मॉक टेस्ट



रांची (आजाद सिपाही)। कर्बला चौक स्थित इराकी उर्दू गर्ल्स हाइस्कूल में माही और जमैतुल इराकीन के सहयोग से रविवार को मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। समाजसेवी स्व खलील अहमद की स्मृति में यह टेस्ट हुआ। इसमें लगभग 50 विद्यार्थी भाग लिये। इसका पैटर्न आगामी जैक बोर्ड परीक्षा 2024 के आधार पर बनाया गया था, ताकि विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा के लिए अच्छे से तैयार हो सकें। मॉक टेस्ट इस्लामनगर पथलकुदवा के स्थानीय नागरिक और शिक्षा के क्षेत्र में स्व खलील अहमद के योगदान को समर्पित किया गया। इसे आगामी बोर्ड परीक्षा से पहले हर रविवार को सभी विषयों के लिए आयोजित किया जायेगा। माही के संयोजक इबरार अहमद, जमैतुल इराकीन के सचिव सैफुल हक, माही के शिक्षा संयोजक सरवर इमाम खान, मोहम्मद सलाहउद्दीन, मुजाहिदुल इस्लाम, अरशद शमीम और खालिद सैफुल्लाह समेत अन्य उपस्थित थे।

### रांची जिला झामुमो युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष बने अजीत नायक



रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो ने रांची जिला युवा मोर्चा का गठन किया गया। इसमें अजीत नायक को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसको देखते हुए रविवार को अल्बर्ट एक्का चौक के समीप उल्लास के साथ अभिनंदन किया गया। मुख्य रूप से झामुमो रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जीतेंद्र गुप्ता, सीपीआइ के रांची जिला सचिव अजय सिंह, नीरज सिंह, अकबर कुरैशी, प्रवीण कुमार, राहुल, विनोद, काली साव, अर्जुन नायक, पल्लू मुंडा, राहुल नायक, लालू वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने किया कंबल का वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने कड़ाके की ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए रविवार को सुपा और रुपुडु गांव रांची सिल्ली मार्ग गोंदली पोखर के ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच कंबल और बच्चों के बीच टॉफी, बिस्किट का वितरण किया गया। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम आनंद सबके लिए के तहत कंबल का वितरण किया गया। इस प्रकार का कार्यक्रम आगे भी लगातार किया जायेगा। इस कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक चौधरी और मयंक बुधिया थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व अध्यक्ष मनीष लोधा, अध्यक्ष अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, राजेश अग्रवाल, गौतम अग्रवाल शान बड़ा गांव के शिवचरण महतो और रुकना गांव के राजेश ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। यह जानकारी प्रवक्ता रमन बगड़िया ने दी।

# नये साल का स्वागत जश्नों का दौर शुरू


आज से दुनिया में नये साल का आगाज हो गया। न्यूजीलैंड में सबसे पहले साल 2024 का स्वागत हुआ और खुशी मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग आधी रात को अपने घरों से बाहर निकल आये और नए साल का जश्न मनाया। बड़ी संख्या में लोग रेस्टोरेंट्स, पबों, डिस्को, सार्वजनिक स्थानों पार्टियां कर जश्न मना रहे हैं। दुनिया में सबसे पहले नया साल प्रशांत महासागर के ऑस्ट्रेलिया के स्वामित्व वाले टोंगा नामक आइलैंड में आता है। यहां सबसे पहले 12 बजते हैं और इसी के साथ शुरू हो जाता है। नये साल का सेलिब्रेशन। टोंगा के साथ ही समोआ और किरीबाती में भी सबसे पहले एक ही समय नये साल का आगमन होता है। 31 दिसंबर को जब भारत में दोपहर के लगभग 4.30 का समय होता है, उसी दौरान टोंगा नाम के आइलैंड में रात के 12 बज रहे होते हैं। इस तरह लगभर साढ़े सात घंटे पहले वहा नया साल शुरू हो जाता है, जबकि सबसे बाद में नये साल आने की तो अमेरिका के पास हाउलैंड और बेकर आइलैंड्स में सबसे आखिर में (भारतीय समय 1 जनवरी को 5.30 बजे) नये साल का प्रवेश होता है। न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर अलग अलग देशों में कई तरह की परंपराएं हैं। नीदरलैंड्स में नये साल का आगाज समंदर के ठंडे पानी में डुबकी लगा कर किया जाता है। मान्यता है कि इससे नये साल की शुरुआत अच्छी होगी। इसी चीन में एक महीने पहले से ही नये साल के स्वागत की तैयारियां शुरू हो जाता है। लोग घरों की साफ सफाई और रंग रोगन करते हैं और नये साल पर लाल रंग के कपड़े पहनने की प्रथा है। वहीं इटली में तो लोग अपनी खिड़कियों से फर्नीचर बाहर फेंकते हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से वो अपनी पुरानी और बुरी यादों को दूर कर देते हैं। एक बार फिर साल 2023 को अलविदा कहने से पहले यह मौका खास है। ऐसा इसलिए, क्योंकि हर बार की तरह इस साल भी भारत की उपलब्धियां बेमिसाल रही हैं। वैसे वर्ष 2023 में कई ऐसी ही उपलब्धियां भारत के हिस्से में आयीं। भारत की नारी शक्ति दुनिया के सामने आयी। नारी शक्ति ने भारतीय सेना में दस्तक दी। एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर फैक्ट्री भारत में स्थापित की गयी और जब 23 अगस्त को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर भारत ने कदम रखा, तो पूरी दुनिया ने मुक्त कंठ से भारत की अंतरिक्ष क्षमता की सराहना की। यह मील का पत्थर काम करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बना। हर साल हमारे लिए खास उपलब्धियों के साथ-साथ निराशा भी लेकर आता है। शायद इसी का संकेत डॉ कुमार विश्वास की कविता से मिलता है, जहां उन्होंने कहा, 'ये साल हमारी किस्मत में कुछ नये सितारे टांकेगा, ये साल हमारी हिम्मत को कुछ नयी नजर से आंकेगा।'

**हर बार की तरह इस साल भी भारत की उपलब्धियां बेमिसाल रही हैं। वैसे वर्ष 2023 में कई ऐसी ही उपलब्धियां भारत के हिस्से में आयीं। भारत की नारी शक्ति दुनिया के सामने आयी। नारी शक्ति ने भारतीय सेना में दस्तक दी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) एक दशक से अधिक समय में किसी विकसित देश के साथ भारत की पहली व्यापार संधि है, जिसमें अपार क्षमता निहित है। भारत मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया से कच्चा माल और मध्यवर्ती सामान आयात करता है, जबकि इसका निर्यात मुख्य रूप से तैयार उत्पाद हैं। इसलिए, एफटीए भारतीय उद्यमियों की उत्पादन लागत को कम करेगा और उनके सामान को घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनायेगा।**

# भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता-एक फायदेमंद सौदा



**पीयूष गोयल**



साल भर पहले लागू होने वाला भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौता (इंडऑस इसीटीए) इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की प्रमुख पहलों को मद्देनजर रखते हुए सभी हितग्राहियों के साथ व्यापक परामर्श के बाद सूझ-बूझ के साथ योजना बनायी जाती है। आम आदमी समेत छोटे एवं मध्यम उद्योग के लाभ के लिए प्रभावी ढंग से उन्हें क्रियान्वित किया जाता है।

इंडऑस इसीटीए दो क्रिकेट-प्रेमी देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौता है, जो हमारे अमृत काल में आत्मविश्वासी और आकांक्षी नये भारत के वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह दो संसदीय लोकतंत्रों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करता है, जो कानून के शासन का समर्थन करते हैं और समान कानूनी प्रणालियां रखते हैं। दोनों देश जापान और अमेरिका के साथ क्वाड का हिस्सा हैं। दोनों देश जापान के साथ त्रिपक्षीय आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन पहल (एससीआरआइ) में शामिल हो गए हैं। दोनों देश 14-सदस्यीय इंडो पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आइपीइएफ) के भी सदस्य हैं।

**भारत के आइटी और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात ने अपनी मजबूत गति जारी रखी।**

मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) एक दशक से अधिक समय में किसी विकसित देश के साथ भारत की पहली व्यापार संधि है, जिसमें अपार क्षमता निहित है। भारत मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया से कच्चा माल और मध्यवर्ती सामान आयात करता है, जबकि इसका निर्यात मुख्य रूप से तैयार उत्पाद हैं। इसलिए, एफटीए भारतीय उद्यमियों की उत्पादन लागत को कम करेगा और उनके सामान को घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनायेगा। इससे भारतीय स्टार्ट-अप को आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर भी मिलते हैं।

**निर्यात में मजबूत वृद्धि :** आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि इंडऑस इसीटीए ने एक बहुत ही आशाजनक शुरुआत की है, जिसने मोदी सरकार के इस विश्वास को मजबूत किया है कि इससे श्रम-केंद्रित क्षेत्रों में लाखों नौकरियां पैदा करने में मदद मिलेगी, क्योंकि भारतीय उत्पादों को विशाल ऑस्ट्रेलियाई बाजार में शत-प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलती है।

अप्रैल-नवंबर 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का माल निर्यात 14 प्रतिशत बढ़ा है, जो चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में बाकी दुनिया के साथ भारत के व्यापार की तुलना में निर्णायक रूप से बेहतर प्रदर्शन है। प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं में मांग सिकुड़ गयी है। ऑस्ट्रेलिया का कुल आयात चार प्रतिशत कम हो गया है, लेकिन भारत से इसकी खरीदारी जोरदार तरीके से बढ़ी है। ऑस्ट्रेलिया से भारत का आयात 19 प्रतिशत कम हो गया है, जिससे व्यापार घाटे में 39 प्रतिशत कमी आ गयी है।

रोजगार का सृजन करने वाले क्षेत्रों में प्रेफेंशियल लाइंस के तहत ऑस्ट्रेलिया को निर्यात में जोरदार वृद्धि हुई। ऑस्ट्रेलिया को इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात अप्रैल-अक्टूबर 2023-24 में 24 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि कुल निर्यात में केवल एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। रेडीमेड कपड़ों में, ऑस्ट्रेलिया को शिपमेंट में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कुल निर्यात में गिरावट आयी। आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (इसीटीए) ने ऑस्ट्रेलिया को इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और प्लास्टिक के शिपमेंट में इन क्षेत्रों में समग्र निर्यात से बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की।

इसके अलावा, भारत ऑस्ट्रेलिया को 700 से अधिक नयी वस्तुओं का निर्यात कर रहा है। वर्ष 2023-24 के पहले 10 महीनों में ये निर्यात 335 मिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जिसमें 65 मिलियन डॉलर के स्मार्टफोन भी शामिल हैं। अन्य नए उत्पादों में रत्न और आभूषण क्षेत्र की कई वस्तुएं, लाइट ऑयल, गैर-औद्योगिक हीरे और साथ ही रेशम से बने स्कर्ट और कपड़े शामिल हैं।

**एफडीआइ में बड़ा उछाल :** हमारे व्यापार साझीदार मानते हैं कि प्रधानमंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था को सराहनीय ढंग से आगे बढ़ाया है, जिससे इस उथल-पुथल भरी दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था आशा की किरण बन गयी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, भारत 2047 तक एक विकसित देश बनने की राह पर है। हमारे व्यापारिक साझेदार इस ताकत को पहचानते हैं और कृषि व डेयरी जैसे हमारे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा के बारे में हमारी चिंताओं को समझते हैं।

भारत के विकास पथ में विश्वास, निवेशक अनुकूल नीतियों और प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किये गये परिवर्तनकारी सुधारों के साथ इंडऑस इसीटीए ने भारत को ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों के लिए और भी अधिक आकर्षक बना दिया है।

इस वर्ष जनवरी से सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया से कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़कर 307.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो पूरे 2022 में प्राप्त 42.43 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सात गुना है। परामर्श सेवाओं में एफडीआइ 2022 में 0.15 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मामूली स्तर से बढ़कर 248 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

सेवा क्षेत्र में काफी वृद्धि दर्ज की गयी है। भारत के आइटी और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात ने अपनी मजबूत गति जारी रखी। शिक्षा, ऑडियो-विजुअल सेवाओं और मोबिलिटी के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया के साथ अन्य द्विपक्षीय समझौतों से इसीटीए की गति में इजाफा हुआ है। इसके कारण व्यापार गतिशीलता में 50 प्रतिशत से अधिक और भारतीय छात्रों के लिए अध्ययन के बाद के कामकाजी-वीजा में लगभग शत-प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गयी। यह इस दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

इसीटीए के बाद दोहरे कराधान से मुक्त भारतीय आईटी उद्योग अब समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहा है। उद्योग जगत के कुछ अनुमानों के अनुसार, पिछले वर्ष इसने करोड़ों डॉलर की बचत की है। ईसीटीए की सफलता से उत्साहित होकर नैसकॉम, ऑस्ट्रेलिया में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए आइटी क्षेत्र में एसएमइ को सुविधा प्रदान करने के संबंध में एक तंत्र स्थापित कर रहा है।

**व्यापार सौदों के लिए नया दृष्टिकोण :** इंडऑस इसीटीए और पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात के साथ इसी तरह के समझौते पर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय वाणिज्य मंडलों, निर्यातकों, उद्योग-विशिष्ट समूहों, अर्थशास्त्रियों, व्यापार विशेषज्ञों, विभिन्न मंत्रालयों और विभाग सहित उद्योग के हर वर्ग के साथ व्यापक परामर्श के बाद हस्ताक्षर किये गये थे। उद्योग जगत के दिग्गजों ने दोनों एफटीए की काफी सराहना की। यह पिछले व्यापार समझौतों की तुलना में एक बड़ा कदम है, जिनमें इतना व्यापक परामर्श शामिल नहीं था। प्रधानमंत्री इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि हर नीति या समझौता राष्ट्रीय हित में होना चाहिए और देश के लिए लाभकारी होना चाहिए। इसी भावना से, हमने मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया और यूएइ के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। वही मार्गदर्शक सिद्धांत अन्य देशों के साथ बातचीत को आकार दे रहे हैं। हम निष्पक्ष, पारदर्शी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौतों की आकांक्षा रखते हैं, जो हमारे व्यवसायों को प्रतिस्पर्धी बनाते हैं, उनके लिए नये बाजार खोलते हैं और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि ये एफटीए व्यापार और वाणिज्य का विस्तार करते हैं तथा आर्थिक विकास को गति देते हैं। इससे रोजगार और व्यापार के अवसर पैदा होते हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए ने अपने पहले वर्ष में यह कर दिखाया है।

**(लेखक वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, उपभोक्ता मामले और वस्त्र मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का लें संकल्प

# अबकी बार 400 के पारः डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**चाइबासा में भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**चाइबासा।** झारखंड भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक चाइबासा में हुई। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि जनता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर भरोसा बढ़ा है। कार्यकर्ता केवल जनता के दरवाजे तक पहुंचें, जनता उनके स्वागत के लिए तैयार है। मोदी सरकार ने देश के सामाजिक, राजनीतिक और भावनात्मक सभी मुद्दों के समाधान के लिए ईमानदार प्रयास किये हैं। कहा कि करिश्माई नेतृत्व और बूथ पर कार्यकर्ताओं की ताकत से तीसरी बार मोदी सरकार, 400 सीट पार के साथ बनेगी।

## 2024 को विजय वर्ष बनायेंः बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव में दशहरा-दीपावली त्योहार भी घर से बाहर मनाया। उसके सकारात्मक परिणाम आये। उन्होंने कहा कि 2023 में सेवा, संगठन और आंदोलनात्मक कार्यक्रम हुए। विधानसभा स्तर पर संकल्प यात्रा बरसात में भी ऐतिहासिक सफल हुई। 2024 का वर्ष हमें विजय वर्ष बनाना है। राज्य की 14 लोकसभा सीट पर कमल खिलाकर केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनानी है। आज घर-घर मोदी सरकार की योजनाएं पहुंची हैं। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## हेमंत सरकार ने फिर दलित-आदिवासी को ठगा: बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार का बड़ा लेबल लग चुका है। यह सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। सबसे बड़े कैश कांड पर प्रधानमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए जनता को पाई-पाई वापस लाने का भरोसा दिया है। हेमंत सरकार ने फिर एक बार दलितों, आदिवासियों को ठगा है।

## केंद्रीय योजना की राशि का हिसाब नहीं दे रही हेमंत सरकार : अर्जुन मुंडा

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करती है। असहयोग का रोना रोती है। वहीं सच्चाई यह है कि हेमंत सरकार केंद्रीय योजनाओं के पैसे के खर्च का हिसाब नहीं दे रही। खजाने में पैसे पड़े हैं, खर्च नहीं हो रहे। प्रधानमंत्री ने सुशासन पर बल दिया है। जो सरकार पारदर्शी तरीके से खर्च कर रही है, उसे पैसे की कोई कमी नहीं है। मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, नीलकंठ सिंह मुंडा, जेपी पटेल, ओपी शर्मा, सुनील सिंह, प्रणव वर्मा, अपर्णा सेन गुप्ता, गंगोत्री कुज्जूर, प्रदीप वर्मा, आदित्य साहू समेत अन्य मौजूद थे।**

## मोदी को फिर लाने का संकल्प लें: कर्मवीर

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि एक जनवरी से 15 जनवरी तक कार्यकर्ता अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और 22 फरवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत निमंत्रण को लेकर घर घर जायें। यह गौरव दिवस नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत वासियों को दिया है। कहा कि जो टेंट से निकालकर भव्य मंदिर में रामलाला को लाये हैं, उन्हें तीसरी बार हमें लाना है। आगामी 26 जनवरी को तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

# भाजपा नेता ने मन की बात के विचारों को बस्तीवासियों के साथ किया साझा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सोनारी के सिद्धू कान्हु बस्ती और कदमा बाल्डविन हाई स्कूल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात के 108वें एपिसोड का प्रसारण किया गया। मौके पर भाजपा नेता राजीव रंजन सिंह उपस्तित होकर बस्ती वासी व स्कूल के बच्चो के साथ सुने। इस अवसर पर उन्होंने मन की बात के विचारों को बच्चे और बस्तीवासियों के साथ साझा किया। मौके पर विश्वजीत सिंह, सौरव जेना, बलविंदर सिंह कलसी, राजीव तिवारी, यश वीर सिंह, अजय अग्रवाल, रमाकांत सिंह, दुर्गा ठाकुर, रजनी वर्मा, घनश्याम गोस्वामी, राहुल भट्टाचार्य, संजीव सिंह सहित अन्य शामिल रहे।



# स्वास्थ्य मंत्री ने 635 लाभुकों को पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट और कंबल का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने झारखंड सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत वृद्धावस्था व विधवा पेंशन के लिए 635 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया। रविवार को मंत्री के द्वारा कदमा कार्यालय में सर्टिफिकेट वितरण के दौरान कदमा, सोनारी, बिष्टुपुर के रहने वाले सैकड़ों जरूरतमंद लोग शामिल हुए। अब इन सभी लाभुकों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जायेगा। वहीं बढ़ते ठंड को देखते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं और पुरुषों के बीच कंबल का भी वितरण किया। मौके पर संजय तिवारी, मनोज झा, बबुआ झा, बबन शुक्ला, प्रभात ठाकुर, माजिद अख्तर, इरशाद हैदर, अमित कुमार, तुला, बिशू, राकेश जयसवाल, संजीव झा, राजेश गोरई, रवि दुबे, धन्नु महतो, सुकुमारी, जितेंद्र सिंह, सोंटी रजक, जय प्रकाश साहू, सरबजीत सिंह, राजकुमार दास, उज्ज्वल गुहा, भारत गढ़वाल, सुमित ठाकुर, अपर्णा, शिल्पी, अशोक, मानस, दिनेश सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्राद्धक्रर्म में शामिल हुए गणमान्य लोग



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के पत्रकार जितेंद्र शर्मा के माता 64 वर्षीय चिंता देवी का बीते दिनों निधन हो गया। आदित्यपुर-2 स्थित आवास में श्राद्धक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष सह आरजेडी के प्रदेश महासचिव पुरेंद्र नारायण सिंह, जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश, इंटक नेता लालबाबू सरदार, कांग्रेस नेता खिरोद सरदार, विश्वकर्मा समाज के अजय शर्मा, बबलू शर्मा, उगता भारत के अध्यक्ष ज्ञानवी देवी सहित अन्य शामिल रहे।**

# दुमुहानी संगम महोत्सव 13-14 जनवरी को

**भव्य आरती होगा आकर्षण का केंद्र, एक लाख श्रद्धालुओं का शामिल होने की उमीद**

**बनारस के 11 पुरोहित पारंपरिक परिधान से 48 मिनट का गंगा आरती को संपन्न करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोनारी स्थित दुमुहानी नदी घाट में हिन्दू उत्सव समिति और उम्मीद एक अभियान के संयुक्त तत्वाधान में दुमुहानी संगम महोत्सव-2024 का आयोजन 13 ओर 14 जनवरी को किया जायेगा। बिस्टुपुर स्थित गोस्वामी मंदिर में बैठक कर कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की गयी। दुमुहानी संगम महोत्सव 2024 में बनारस व हरिद्वार के तर्ज पर भव्य गंगा आरती का आयोजन होगा। 13 जनवरी की संध्या बेला में पर्यावण व नदी संरक्षण पर व्याख्यान के बाद सांस्कृतिक भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। साथ ही समाज व धर्म क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले युवाओं को सम्मानित किया जायेगा। 14 जनवरी को नदी पूजन व भगवती स्वरूपा स्वर्ण रेखा की भव्य आरती (गंगा आरती) आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर लगभग एक लाख श्रद्धालु शिरकत करेंगे। अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने कहा हिन्दू उत्सव समिति के भव्य कार्यक्रम में अगले वार जो शहरवासी उपस्थित नही हो पाये थे, उन्हें इसका मलाल था। लेकिन इस बार वो सभी लोग आरती में शामिल होंगे। समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के उपस्थित होने की व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहर के जीवन रेखा कही जाने वाली स्वर्णरेखा नदी को आस्था से जोड़कर बचाये रखना है। प्रत्येक वर्ष नदी के जलस्तर का गिरना व नदी का प्रदूषित होना चिंता का विषय है। गंगा माँ की भव्य आरती में बनारस से 11 पुरोहित पारंपरिक परिधान में दिया व डमरू के साथ 48 मिनट का गंगा आरती को सम्पन्न करेंगे। बैठक में समिति के संरक्षक शिवशंकर सिंह, शंकर रेड्डी, अध्यक्ष रविप्रकाश सिंह, रणविजय सिंह, विनयकुमार, सुखदेव, अभिमन्यु, रवि शंकर, अभिषेक सिंह, अभिनाश, पीयूष, हन्नी परिहार, सौरभ कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मंत्री मिथिलेश के चार वर्षों का कार्यकाल रहा स्वर्णिम: धीरज

## गढ़वा में मंत्री मिथिलेश ने विकास की लंबी लकीरें खींची

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के 4 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल्याणपुर स्थित मंत्री आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित किया। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि 2 साल कोरोना महामारी के प्रभाव के बावजूद भी गढ़वा-रंका विधानसभा में विकास के कई ऐतिहासिक कार्य हुए। जनता की उम्मीद पर खरा उतरते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विकास की लंबी लकीरें खींची है।

4 वर्ष का कार्यकाल हुए विकास कार्य विगत जनप्रतिनिधियों के 40 वर्ष के कार्यकाल पर भारी है। गढ़वा शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए वर्षों से लंबित बाईपास सड़क का निर्माण लगभग पूर्ण होने जा रहा है, चरमराई बिजली व्यवस्था में ढ़िबरिया युग का दंस झेल रहे गढ़वा जिला को अब 20-22 घंटे बिजली प्राप्त हो रही है। गढ़वा विधानसभा के इतिहास में पहली बार किसी विधायक के द्वारा अपने चार वर्ष के कार्यकाल में 1000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया गया। विधायक निधि की राशि का सदुपयोग करते हुए विधानसभा के सभी 73 पंचायतों में जनहित के योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। रंका, रामकंडा और चिनिया प्रखंड में हजारों सरना-मसना, धुमकूड़िया, कब्रिस्तान, तालाब आदि का निर्माण कराया गया। रंका-रमकंडा सड़क का चौड़ीकरण, डोल रंका भाया चिनिया, चिनिया गढ़वा पथ, महूलिया से पेसका होते हुए नामधारी महाविद्यालय तक, हूर मोड़ से गोवावल होते हुए डाल्टनगंज तक, लगमा से हासनदाग होते हुए तसरार तक पीडब्ल्यूडी का डबल लेन सड़क का निर्माण हो रहा है। छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाला अति महत्वाकांक्षी गायघाट पुल और सड़क का निर्माण पूर्ण हो चुका है। मंत्री के निजी कोष से गढ़वा को सुंदर बनाने के लिए घंटाघर का निर्माण, टंडवा के दबगर मोहल्ला में सामुदायिक भवन, दो छठ घाटों पर सामुदायिक सह निगरानी मंच का निर्माण कराया। अनेकों मंदिर-मस्जिद, गिरजाघर में सहयोग किये गये। प्रेसवार्ता में केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, ज़िलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दिव्य प्रकाश केसरी मौजूद थे।

# हेमंत सरकार को गरीबों के हित में कार्य करने की फुर्सत नहीं है : भानु प्रताप शाही

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** भाजपा ने झारखंड बनाया है, झारखंड का विकास भाजपा के द्वारा ही हो सकता है। उक्त बातें भवनाथपुर के विधायक सह भाजपा नेता भानु प्रताप शाही चित विश्राम ग्राम में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के शिलान्यास के अवसर पर उपस्थित जनसमूहों को संबोधित करते हुए कहा।

उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार में संलिप्त है यह सरकार भ्रष्टाचार करने में रिकॉर्ड बना रहा है श्री शाही ने कहा कि मोदी जी के महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजनाओं में झारखंड के हेमंत सोरेन के लोगों के द्वारा व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। चापानल लगाने में जहां ढाई सौ से तीन सौ फीट बोर होना चाहिए जो जिले के मंत्री के लोगों के द्वारा उसमें भ्रष्टाचार कर 50 से 60 फीट में ही बोर कर कर कमायी की जा रही है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि झारखंड की सरकार को गरीबों की हित में कार्य करने के लिए फुर्सत नहीं है। यह सरकार बालू से कमायी करने में लगी हुयी हैं। मोदी जी ने किसानों, युवाओं, नौजवानों, बेरोजगारों सभी वर्गों के लिए कई योजनाएं चलायी है। सड़क, बिजली, पानी, किसानों के हितकारी, नौजवानों, मजदूरों के लिए की योजनाएं चलायी। गरीब अमीर सभी को लेकर चलने वाले मोदी जी आज देश में विकास की नहीं गाथा लिख रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास भेज कर आज लोगों को छत मुहैया कराया, किसानों के खाते में पैसा डालकर उन्हें किसानों को मजबूती देने का काम किया और आम लोगों को राशन दिया।

उन्होंने स्थानीय झामुमो नेता अनंत प्रताप देव पर भी हमला बोलते हुए कहा कि इस बार चुनाव में उनका तीर धनुष भी लेकर कोई चला जायेगा और फिर वह आप सबों के बीच में घड़ियालीआंसू रोने आयेंगे। उन्होंने लोगों से भाजपा को मजबूत करने की अपील की। मौके पर मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, लक्ष्मण राम, दयानंद भगत, ओमप्रकाश गुप्ता, मुकेश कुमार चौबे, गणेश प्रताप देव, सोनू सिंह, विवेकानंद पांडे, जूनियर महमूद, साहित अन्यलोग उपस्थित थे।

## लापता बच्चे का शव सातवें दिन कुआं से बरामद

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पोटमा गांव निवासी दिलदार राम का पुत्र अयान कुमार नौ वर्ष की शव पुलिस ने रविवार को सातवें दिन उसके घर के पास स्थित एक कुआं से बरामद किया है। घटना के संबंध में मृतक के चाचा अजय राम ने आरोप लगाया है कि उदय राम के परिवार के साथ भूमि विवाद चल रहा था। इस बात को लेकर कई बार धमकी भी दिया था अयान कुमार उसके घर के समीप खेल रहा था, इसी दौरान उसका अपहरण किया गया था, इसके बाद गढ़वा थाने में दिलदार राम के द्वारा 26 दिसंबर को अपहरण कर हत्या करने का आशंका व्यक्त किया गया था। उन्होंने बताया कि उक्त लोगों ने पूर्व में भी गोली मारने की धमकी भी दिया था, लेकिन भय बस इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उदय राम के परिवार के साथ जमीन विवाद को लेकर पूर्व में मोआवादी के द्वारा उसके फुफेरा भाई शिवकुमार राम को 1992 में हत्या करा दिया गया था। इसके बाद से भयभीत रहते थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुआं से निकाल कर अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर पुलिस प्राथमिकी के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

## स्वतंत्रता सेनानी बीर फेतल सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी बीर फेतल सिंह की शहादत दिवस के अवसर पर रविवार को खरवार आदिवासी एकता संघ जिला कमेटी गढ़वा के तत्वाधान में रंका चेकनाका स्थित स्वतंत्रता सेनानी पलामू के प्रथम सांसद जेठन सिंह खरवार के प्रतिमा पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह सहित आदिवासी नेताओं के द्वारा माल्यार्पण किया। तत्पश्चात वहां से जुलूस निकाला गया, जो रंका बाजार मुख्य मार्ग से होते हुए थाना मोड़ गया। जहां पर स्वतंत्रता सेनानी बीर फेतल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में ग्रामसभा आयोजित

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची तैयार करने को लेकर ग्राम सभा आयोजित किया गया। जिसमे संबंधित जन प्रतिनिधि, प्रखंड कर्मी और बढ़-चढ़ कर ग्रामीण उपस्थित रहे। मुखिया मूंगा साह के द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि सभी लोगों का नाम भेजा जा रहा हैं। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, उपमुखिया दयानंद विश्वकर्मा, बीपीओ मनोज यादव, रोजगार सेवक धीरेंद्र विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह, नंदकिशोर प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## दो वर्षीय बच्ची की टब में डूबने से मौत

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बनखेता गांव के भितरी टोला निवासी सचित ठाकुर की दो वर्षीय पुत्री की टब में डुबने से मौत हो गयी। सचित ठाकुर के दो वर्षीय पुत्री आज सुबह खेलने के दौरान टब में जग निकालने के क्रम में गिर गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां सीएचओ इंद्र किशोर विश्वकर्मा ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# प्रशिक्षण श्रेष्ठ शिक्षण व्यवस्था का सूचक : निदेशक मदन केशरी

## जीएन कान्वेंट स्कूल में तृतीय इनहाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल के सभागार में तृतीय इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर और माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक ने कहा कि बच्चों के बेहतर शिक्षण के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण अति आवश्यक है। शिक्षण की पुरानी व्यवस्था बदल चुकी है। प्रशिक्षण ही शिक्षण व्यवस्था को धारदार बनाने में सहायक है। यदि सचमुच में कोई शिक्षक बनना चाहते हैं तो निरंतर इस व्यवस्था में लगे रहना होगा। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित शिक्षक ने केवल शैक्षणिक कौशल बल्कि छात्रों में कई कौशलों के विकास में भी मदद करते हैं। प्रशिक्षित शिक्षक ज्ञान, अच्छे मूल्य, परंपरा, आधुनिक समय की चुनौतियां और उन्हें दूर करने के तरीके प्रदान करके शिक्षण को रुचिकर और भारहीन बनाते हैं। गुरु न केवल स्कूली शिक्षा की गुणवता में सुधार करते हैं बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाते हैं। रिसोर्स पर्सन्स के रूप में संजीव कुमार और सुषमा तिवारी जिन्होंने स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर अपना-अपना महत्वपूर्ण विचार साझा किया जो अत्यंत रोचक, प्रभावी और ज्ञानवर्द्धक रहा।

उपस्थिति शिक्षक उदय प्रकाश, बीरेन्द्र गुप्ता, विनय कुमार, नीश शर्मा, निलम कुमारी, रिजवाना, शाहिन, सुनिता कुमारी सरिता दुबे, शिवानी, सीमा श्रीवास्तव, संतोष प्रसाद, विनय, राकेश, नवनीत, अविनाश, महेंद्र, सोमनाथ आदि की उपस्थिति रही।

# आरके पब्लिक मझिआंव को हरा कर ब्राइट फ्यूचर पहुंचा क्वॉर्टर फाइनल में

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव को 26 रनो से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैच से पूर्व विशेष प्रमंडल के अभियंता संजय कुमार सिंह, प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा और विपुल कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फरहान के 48 और अभय के नाबाद 34 रनों के सहयोग से पांच विकेट खोकर 124 रन बनाएं। आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव की और से शक्ति ने दो विकेट हासिल किया। 125 रनो के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव की टीम 98 रन ही बना पायी। टीम की और से दुर्गेश और मोहित के सत्रह, सत्रह रन बनाये। स्कब्राइट फ्यूचर अमित ने दो विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्कूल ब्राइट फ्यूचर के फरहान को पूर्व खिलाड़ी अरविंद तिवारी, अधिवक्ता मुकेश कुमार सिन्हा, अशोक विश्वकर्मा और आशुतोष रंजन ने प्रदान किया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, नवनीत दुबे, अभय दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनोज तिवारी, विशाल, सुमित मिश्रा, धीरज, मनीष उपाध्याय, मनीष पाठक, आलोक, अजीत सिन्हा, सहजाद खान शामिल थे।

# आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने बच्चों संग मनायी पिकनिक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने राधा बाबू की पुण्यतिथि के अवसर पर अपने साप्ताहिक जन कल्याणकारी कार्यक्रम अंतर्गत सातवें दिन रविवार को उंचरी कर्बला के मैदान में बच्चों के संग वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया । इस दौरान शहर के विभिन्न मुहल्ले और आसपास के बच्चों ने संस्था के पदाधिकारी और कर्मियों सहित अन्य गणमान्य लोगों के साथ विभिन्न तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि बच्चे आप खूब खाएं और कुछ बनकर दिखायें। भोजन और पढ़ाई मन लगाकर करें। शारीरिक और मानसिक विकास के लिए दोनों जरूरी है। स्वर्गीय राधा बाबू की पुण्यतिथि के अवसर पर सात दिनों तक चलाये जाने वाले कार्यक्रम का आज अंतिम दिन है। सातवें दिन बच्चों के साथ पिकनिक मना कर कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर ज्योति प्रकाश, सलिम खलीफा, अजय सिंह, नौशाद, छोटू, राजू अब्बासी, विजय जी, डॉक्टर इश्तियाक रजा, अब्दुल मन्नान, मोहम्मद इकराम, मोहम्मद नशीम, दामोदर राम, संतोष कुमार सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# गरीब विकलांगों और भिक्षुओं के बीच ढाई सौ कंबल का किया गया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज ने 31 दिसंबर को संगठन की ओर से निर्धनों, विकलांगों, विधवाओं और भिक्षुकों के बीच ग्राम पंचायत जाटा के नवाडीह, डुमरो, करंडीह और नारायणपुर तथा चिरौजीया पंचायत के ग्राम खजूरी, लगमा और चिरौनिया के लाभुको के अलावे शहरी क्षेत्र के दीपवा, नगवां और सहीजना आदि के गरीब विकलांगो और भिक्षुओं के बीच लगभग ढाई सौ कंबल का वितरण किया गया। इस कार्य में सहयोग करने वालों में पेंशनर के सदस्यों के अलावे भारतीय स्टेट बैंक गढ़वा ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्ति अरुण कुमार सिंह और अन्य गणमन व्यक्तियों द्वारा सहयोग किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर कन्हैया प्रसाद सिंह तथा अन्य गन्मानयो में सीताराम चौबे, नागेंद्र तिवारी, इंदुभूषण मिश्रा, अमरनाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, संतोष कुमार, श्याम बिहारी राम, कबूतरी देवी और रामाधार प्रसाद यादव सुदामा राम के अलावे भी काफी पेंशनर उपस्थित थे। कार्यक्रम में अधक्ष के के यादव और सचिव असर्फी राम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# जवाहर नवोदय में दो दिवसीय एलुमनी मीट संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में दो दिवसीय एलुमनी मीट का रविवार को संपन्न हो गया। एलूमनी मीट के पहले दिन शनिवार को खेलकूद और क्विज प्रतियोगिता के साथ शुरू किया गया और एलुमनी मीट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ रविवार को को बड़े ही भव्य और शानदार तरीके से किया गया।

आठवीं एलुमनी मीट के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह की शुरूआत अध्यक्षीय संबोधन के साथ शुरू हुई, जिसमें अंगना के अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान (मैनेजर, कोल इंडिया लिमिटेड), जो कि जेएनवी गढ़वा के प्रथम बैच के छात्र रह चुके है, उन्होंने जूम आभासी मंच के माध्यम से मुख्य अतिथि नवोदय विद्यालय से आज ही सेवानिवृत हो रहे शिक्षक बीबी कुमार और मेहमानों का स्वागत किया। बच्चों और एलुमनी को आजीवन अनुशासन के अनुपालन का संदेश दिया, यूपीएससी सिविल सर्विसेज में जाने वाले बच्चों को अंगना की तरफ से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। जेएनवी गढ़वा के प्राचार्य रामानंद प्रसाद ने भी सभी एलुमनी, आभासी मंच से जुड़े मेहमानों व बच्चों का स्वागत करते हो, उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। नवोदय एलुमनी एसोसिएशन ऑफ झारखंड, नाज के अध्यक्ष सुधीर कुमार, नाज इंस्टीट्यूटिंग मेंबर कुमार प्रेमचंद ने झारखंड प्रदेश स्तर पर उम्दा कार्य कर रही संस्था नाज के बारे में बताया। इसके साथ बहुत से एलुमनी देश विदेश के अलग अलग कोने से आए और अंगना एलुमनी मीट को संबोधित किया वही छात्र छात्रों को प्रेरित किया, उनमें से कई नाम राम (नासा, अमेरिका), निलेश (अमेरिका), नीतीश (दुबई) जेएनवी गढ़वा के एलुमनी अरुण कुमार (एजीएम हॉस्पिटैलिटी, अमेरिका) ने भी अंगना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। दो दिवसीय एलुमनी मीट को सफल बनाने में अंगना टीम के मेंबर्स रवि कुमार, महेंद्र राम, अब्बास अंसारी, सतीश, छोटन, मुमताज, डॉक्टर राहुल, डॉक्टर मिथिलेश, ज्योतिषरण, अरुण, राजेश कुमार, रवि, आशुतोष द्विवेदी, रोहित, अरविंद, सूरज, नंदलाल मेहता, आशुतोष, मृत्युंजय, रंजन, सैफ अली, आलोक रजक, वीपी राजू, रूपाली, आदित्य, विनीत, शनि कुमार इत्यादि ने बड़ी अहम भूमिका निभायी। धन्यवाद ज्ञापन पूर्ववर्ती छात्र रवि ने किया।

# पंचायत सचिवालय में ग्रामसभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड के पांच पंचायत में रविवार को अबुआ आवास के लाभुकों का अंतिम स्वीकृति को लेकर पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कांडी, लमारी कला, शिवपुर, खुटहेरिया और सरकोनी पंचायत में ग्राम सभा किया गया। शिवपुर पंचायत सचिवालय में मुखिया सोनी देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां पर अबुआ आवास के लाभुकों की सूची को पारित किया गया।

पंचायत सचिव संजीव ठाकुर ने बताया कि सरकार आपके द्वार शिविर में पंचायत के लोगों द्वारा 833 आवेदन जमा किया गया था। जिसे आज ग्राम सभा के द्वारा पारित किया गया। उधर खुटहेरिया पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों के विरोध के कारण ग्राम सभा स्थगित कर दिया गया। सूची में दर्ज नाम को मुखिया प्रतिनिधि विनोद राम ने ग्राम सभा में उपस्थित लोगों के बीच पढ़ कर सुनाया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने उक्त सूची का पुरजोर विरोध किये।सभी ने कहा कि इस सूची में अयोग्य लोगों का नाम दर्ज है और योग्य लाभुकों का नाम ही नही है। सभी ने पुनः जांच टीम द्वारा जांच कराने की मांग किया गया। ग्रामीणों के विरोध के बाद मुखिया अनिता देवी ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों की विरोध को देखते हुए पूरे पंचायत में पुनः जांच कराने की मांग प्रखण्ड व जिला कार्यालय से मांग करूंगी। उधर लमारी कला पंचायत सचिवालय में मुखिया शशि कुमारी की अध्यक्षता में अबुआ आवास के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां पर 1270 आवेदन में से जांच टीम द्वारा 511 लाभुकों की सूची को अंतिम रूप दिया गया था।उक्त सूची को ग्राम सभा से पारित किया गया। मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह ने बताया कि ग्राम सभा से पारित 511 लाभुकों की सूची को पंचायत सेवक के माध्यम से प्रखंड कार्यालय में जमा कर दिया जायेगा। कांडी पंचायत मुखिया विजय राम की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मुखिया ने बताया कि प्राप्त कुल आवेदन 597 में से जांच टीम द्वारा 265 आवेदन को अंतिम रूप दिया गया था। जिसे आज की बैठक में पारित किया गया। मुखिया ने बताया कि अभी भी उक्त सूची में अयोग्य लाभुक बचे हैं। जिसे जांच के बाद हटाया जा सकता है। प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय व बीस सूत्री अध्यक्ष विकास उपाध्याय ने ग्राम सभा का जायजा लिया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


### जयपुर जाकर पीड़िता के परिजनों से मिले राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री

# मणिपुर की घटना पर राजनीति करनेवाले कांग्रेस-झामुमो के नेता जयपुर और तपकरा की घटना पर मौन क्यों हैं : एनोस एक्का

**दोनों ही विभत्स घटना पर किसी भी नेता बयान नहीं देना या मामले पर उच्च स्तरीय जांच की मांग नहीं करना क्षेत्र के आदिवासियों के साथ क्रूर मजाक है।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मणिपुर की घटना पर झारखंड में राजनीति करनेवाले नेता खूंटी की दो आदिवासी युवतियों से दुष्कर्म की और एक युवती की नृशंस हत्या के संबंध में राज्य सरकार मौन क्यों है? इस मुद्दे पर झामुमो और कांग्रेस के नेता चुपी क्यों साधे हैं। खुद को आदिवासियों की हितैषी कहने वाली राज्य की हेमंत सरकार गूंगी-बहरी हो गयी है। ये बातें राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कही। एनोस एक्का पीड़िता के परिजनों से मिलने रविवार को रनिया प्रखंड के जयपुर गांव पहुंचे थे। वहीं पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक्का ने कहा कि राज्य के नेता और मंत्री इस मामले पर क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर में क्रिस्चन युवती पर अत्याचार हुआ या नहीं, इसे किसने देखा है। फिर भी खूंटी जिले में पैदल चल कर रैली और मानव श्रृंखला बनाकर घटना के लिए हाय तौबा मचाया गया, लेकिन जब जयपुर गांव में इतनी बड़ी घटना हुई है, तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है। आदिवासी समुदाय कोई भेड़-बकरी नहीं है, जिसे कोई भी मार देंगा। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि क्रिसमस की रात तोरपा चर्च आई युवती को अगवा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म और रनिया के जयपुर की बेटी अर्चना कंडुलना की नृशंस हत्या की घटना के विरोध में किसी का मुंह नहीं खुल रहा है। उन्होंने स्थानीय नेताओं को लताड़ लगाते हुए कहा कि त्योहार के दिन इतनी बड़ी घटना होती है और बड़ीह-बड़ी बात करने, बहस करने वाले नेता इस पर कोई बयान तक देने से निंदा करने से भी परहेज कर रहे हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा, कांग्रेस और झामुमो तीनों पर धर्म की राजनीति करने का आरोप एनोस एक्का ने लगाया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को गृह सचिव अविनाश कुमार तक ले जायेंगे और दोनों घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच करायेगें। उन्होंने कहा कि अपने स्तर पर वकील रख कर अभियुक्तों का कड़ी सजा दिलायेंगे। उन्होंने क्रिसमस के दिन घटी घटना पर पीड़ित परिवार पर जातिगत दबाव बनाने का भी अंदेशा व्यक्त किया। मौके पर झापा के सिमडेगा जिलाध्यक्ष मतियस बागे, पूर्व जिप सदस्य अमन खेस, रनिया प्रमुख नेली डहंगा, ग्राम प्रधान एरियल कंडुलना, मिहिर प्रत्युष तोपनो, धर्मेंद्र मांझी सहित बड़ी संख्या में ग्रामिण उपस्थित थे।

#### क्या था मामला

क्रिसमस की रात तोरपा के एक स्कूल में नवीं कक्षा में पढ़ने वाली आदिवासी नाबालिग किशोरी चर्च से निकल कर अपने पुरुष मित्र के साथ घूम रही थी, जिसे चाकू का भय दिखा कर अगवा कर लिया गया और बीस घंटे बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। उसके बाद तपकरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक युवती सहित चार अभियुक्तों को पकड़ कर जेल भेज दिया। वहीं दूसरे मामले में जयपुर निवासी अर्चना कंडुलना जो मुंबई में काम करती थी, उसकी लव जिहाद मामले में हत्या कर दी गयी और सात टुकड़ों में बंटा उसका शव गुमला के फोरी में एक कुंए से बरामद किया गया था। दोनों ही विभत्स घटना पर किसी भी नेता द्वारा कोई बयान नहीं देना या मामले पर उच्च स्तरीय जांच की मांग नहीं करना क्षेत्र के आदिवासियों के साथ क्रूर मजाक है।

## संडे ड्यूटी में कटौती के विरोध में मजदूरों ने बंद किया काम



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** संडे ड्यूटी में कटौती के विरोध में रोहिणी परियोजना के मजदूरों ने परियोजना का काम पूरी तरह से बन्द करा दिया। मजदूरों के आंदोलन के कारण परियोजना में उत्पादन, कोयला ढुलाई एवं कार्यालय का भी काम बंद रहा। रविवार सुबह जब मजदूर काम पर गये तो उन्हें पता चला कि परियोजना के मात्र 60 लोगो को ही संडे ड्यूटी दिया गया है। जिसके बाद मजदूर आक्रोशित हो गये। मजदूरों ने कहा कि परियोजना में दो सौ से ज्यादा मजदूर है ऐसे में मात्र 60 मजदूरों को संडे ड्यूटी देना ठीक नहीं है सभी मजदूरों को संडे ड्यूटी दिया जाय। इस घटना के कारण आक्रोशित मजदूरों ने परियोजना का काम पूरी तरह से बंद करा दिया। मजदूर एकत्र होकर रोहिणी कांटा घर में रोड सेल का भी काम बन्द करा दिया। परियोजना के मजदूरों का कहना था कि परियोजना में सभी को संडे ड्यूटी मिलना चाहिए। इधर बंद की सूचना मिलने पर एनके एरिया के श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि शैलेश कुमार, अमरभूषण सिंह, गोल्डेन यादव, सुनील कुमार सिंह भी रोहिणी पहुंचे और मजदूरों से जानकारी ली। उन्होंने प्रबंधन से भी बात कर मजदूरों के संडे ड्यूटी पर पहल करते हुए समाधान करने का आग्रह किया गया। दोपहर एक बजे रोहिणी प्रबंधन ने मजदूरों को बुलाया और बताया कि प्रबंधन सभी लोगो को संडे ड्यूटी देने में अभी सक्षम नही है। परियोजना की स्थिति अभी ठीक नहीं है। अगली बार देखा जायेगा। उसके बाद सकारात्मक वार्ता नही होने के कारण सभी मजदूर वापस लौट गये। संडे ड्यूटी नही मिलने से मजदूर काफी निराश हुए हैं ।

### बचरा शिव मंदिर के पुजारी के पुत्र शेखर पांडेय ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

# मंदिर प्रांगण के आम के पेड़ पर लटका मिला शव, पुलिस ने जांच शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक शेखर पांडेय की फाईल फोटो।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वरनाथ शिव मंदिर के पुजारी शिवनंदन पांडेय का 26 वर्षीय पुत्र शेखर पांडेय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंदिर प्रांगण मे आम के पेड़ से शेखर का शव लटका हुआ बरामद किया गया है। इसकी सूचना मंदिर प्रबधंन समिति द्वारा स्थानीय पिपरवार थाना को दी गयी, जिसके बाद सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतारा और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक शेखर पांडेय की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और पिछले कुछ महीनों से अजीब तरह की हरकते कर रहा था। दो बार वह घर से लापता भी हुआ था और उनके पिता पुजारी शिवनंदन पांडेय के द्वारा पिपरवार थाना में सन्हा भी दर्ज कराया था। शेखर के आत्महत्या के बाद उनके परिजन सदमे मे है। इधर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि मंदिर प्रागंण मे आम के पेड़ से मृतक शेखर पांडेय का शव फंदे से झुलता हुआ बरामद किया गया है। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नही थी, परिजनो से बात करने पर प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीक हो रहा है। पुलिस सभी मामलो पर जांच कर रही है और पोस्ट्रमार्टम रिपोर्ट के बाद कुछ कहा जा सकता है। इधर मृतक शेखर पांडेय का बचरा सपही नदी स्थित शमशान घाट मे अंतिम संस्कार किया गया।

उनके निधन पर मंदिर कमेटी के अलावे क्षेत्र के कई लोगों ने शोक प्रकट किया है।

## नव वर्ष में नये उत्साह के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए अग्रसर रहें विद्यार्थी : सकलदीप



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों ने आनेवाले नए वर्ष को संकल्प दिवस के रूप में मनाने की शपथ ली। इसको लेकर रविवार को संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने विद्यार्थियों को उनके संकल्पों से संबंधित शपथ दिलायी। विद्यार्थियों ने नये वर्ष में असत्य वचन नहीं बोलने, बड़ों का सम्मान करने, उद्देश्य की प्राप्ति तक अथक प्रयास करने तथा स्वच्छता और अनुशासन का पालन करने का संकल्प लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से देश-दुनिया की खबरों से अपडेट रहने के लिए प्रतिदिन अखबार पढ़ने की सलाह दी। मौके पर शिक्षिका रिया तथा शमिता के अलावा सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

## पिपरवार में नववर्ष के स्वागत की तैयारी पूरी पिकनिक स्पॉट पर रहेगी पुलिस की नजर

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में नव वर्ष के स्वागत को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। क्षेत्र के सभी पिकनिक स्पॉट सज धजकर पूरी तरह से तैयार है। लोग गर्मजोशी के साथ नव वर्ष 2024 का स्वागत करने की तैयारी में है। इधर नव वर्ष के उत्साह और उमंग को देखते हुए स्थानीय पिपरवार पुलिस काफी सतर्क है। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस बल की तैनाती एवं गस्ती रहेगी। पिकनिक स्पॉटों के अलावे अन्य सार्वजनिक जगह पर उत्पात मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल में नव वर्ष का उत्साह मनाने की अपील की है।

# नये साल की आगवानी के लिए तैयार है पंचपरगना

### लहलहा रही है नशे की फसल, माओवादियों पर भारी पड़ा सरकारी तंत्र

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** नये साल की तैयारी को लेकर पांच इलाके बुंडू, तमाड़, सोनाहातू, राहे, सिल्ली, अड़की में वर्ष 2023 शांतिपूर्ण रहा। नये साल 2024 के स्वागत के लिए पांच परगना वासी तैयार हैं। कभी यह इलाका माओवादियों की शरणस्थली थी, 2023 में छिटपुट घटनाओं को छोड़ इलाका शांत रहा। पुलिस की दबिश ने माओवादियों की कमर तोड़ दी। लोग अब अमन चैन से जी रहे हैं, सरकारी तंत्र माओवादियों से भारी पड़ रहे हैं। इलाके में अफीम की खेती चरम पर की गयी है। पूरा इलाका नशे के आगोश में समा चुका है। हर जंगली इलाकों में इसकी खेती की गयी है, जिससे इस इलाके की खेती की जमीन बंजर बनने की संभावना जतायी जा रही है। इस इलाके के प्रसिद्ध दशमफॉल, रिमिक्स फॉल, रानी चुआ सैलानियों को आकर्षित कर रहा था। वही दिउड़ी मंदिर हाराडीह, मंदिर सूर्य मंदिर में पर्यटकों की भीड़ जुट रही है। नये साल में लाखों लोग मां का पूजा कर आशीर्वाद लेकर नये साल की शुरुआत करेंगे। पिकनिक स्पॉट पर भी लोग अच्छे खान-पान के साथ नये साल का स्वागत करेंगे। सड़क दुर्घटनाओं का काफी इजाफा हुआ है। इसे रोक पाना पुलिस प्रसाशन के लिए चुनौती है। थाने मे प्रतिदिन जमीन का विवाद पहुंचते हैं। जमीन विवाद में कोट कचहरी के चक्कर में सरकारी तंत्र फंसा कर रख देते हैं और विवाद बढ़ता ही चला जाता है। लड़का-लड़की का मामला थाने में हर दिन पहुंच रहे हैं। यह रूकने का नाम नहीं लेता है। गांव के लोग अब पचायत जाना छोड़ दिये हैं, वे सीधे थाने की शरण में चले जाते हैं। इससे लोग परेशान होते चले जा रहे हैं।

इस तरह के घरेलू विवाद में लोग सालों भर फंसते चले जा रहे हैं। लोग इस तरह की घटनाओं से नये साल मे बचें।

# बेंती ने राय को हरा कर खिताब पर जमाया कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता





**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू मंगरदाहा गांव में केजीएन क्लब के द्वारा चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को समारोहपूर्वक समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बेंती पंचायत की मुखिया सरीता देवी और विशिष्ट अतिथि मे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के चतरा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद ताज मौजुद थे। अतिथियो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और बल्लेबाजी कर फाइनल मुकाबले की शुरूआत की। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबल पिपरवार के बेंती बनाम खलारी के राय टीम के बीच खेल गया। जिसमे टॉस जीतकर बेंती की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बारह ओवर में 144 रन बनाया। वही जवाबी पारी खेलने उतरी राय की टीम ने 9 ओवर में 64 रन ही बना सकी और बेती की टीम ने फाइनल मुकाबला जीत कर खिताब पर कब्जा जमाया। मैन ऑफ दा मैच शक्ति सिंह एंव मैन ऑफ दा सीरिज अमीर अंसारी को दिया गया। विजेता और उप विजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है। इस मौके पर मुखिया सरिता देवी, मोहम्मद ताज, आशिक अली, हदीस अली, एजाजुल हक, पवण केशरी, आशिफ रजा, परवेज आलम, रफीक अंसारी, अफसर, नौशाद, जावेद, रज्जाक, अरशद सहित काफी संख्या में खिलाड़ी और ग्रामीण मौजूद थे।

# खूंटी के पर्यटन स्थलों पर उमड़ी सैलानियों की भारी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** आंग्ल वर्ष 2023 के अंतिम दिन रविवार को खूंटी जिले के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिले के प्रसिद्ध पेरवांघाघ जल प्रपात, पंचघाघ जल प्रपात, रानी फॉल, उलूंग जल प्रपात, पाड़ुपुड़िंग जल प्रपात, सप्तधारा, प्रेम घाघ, चंचला घाघ, लतरातू डैम, रिमिक्स फॉल, लटरजंग डैम सहित तमाम पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों ने साल के अंतिम दिन परिवार और मित्रों के साथ खूब मस्ती की। पेरवांघाघ, पंचघाघ, पांडूपुड़िंग जैसी जगहों पर तो भीड़ इस कदर उमड़ पड़ी कि लोगों को अपने वाहनों को पार्क करने में अच्छी खासी परेशानी हुई। वैसे तो खूंटी जिले के जल प्रपात और यहां की प्राकृति छटा शुरू से ही सैलानियों की पहली पसंद रही है। सालों भर लोगों का इन प्रर्यटन स्थलों पर आना-जान रहता है, लेकिन नंवबर से फरवरी महीने तक इनकी संख्या में काफी इजाफा हो जाता है। **नव वर्ष के पहले दिन उमड़ेगा सैलानियों का सैलाब :** अंग्रेजी नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को खूंटी जिले के पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसको देखते हुए प्रशासन ने भी सैलानियों की सुविधा और उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। सभी पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गयी है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी के सदस्य बने लक्ष्मण



**तमाड़) (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रतिनिधि तमाड़ के नुरीडीह निवासी लक्ष्मण सिंह मुंडा को दूरसंचार विभाग, बीएसएनएल/एमटीएनएल भारत सरकार द्वारा रांची टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी का सदस्य बनाये जाने पर तमाड़ विधानसभा क्षेत्र लोगों ने हर्ष है। लोगों ने कहा है कि लक्ष्मण सिंह मुंडा द्वारा टेलीफोन से संबंधित समस्याओं को उचित पटल पर रखते हुए मुंडा उपभोक्ताओं को सही सेवा देने में मदद करेंगे। बधाई देने वालों में भाजयुमो जिलाध्यक्ष विवेक आनंद जयसवाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश सदस्य रंजीत लाहेरी, अंड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू, बुंडु नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास, तमाड़ मंडल अध्यक्ष विष्णु पद महतो, रड़गांव मंडल अध्यक्ष अजीत महतो, संतोष साहू, समरेंद्र मुखर्जी, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, दिनेश साहू, सत्यनारायण महतो, सुरेंद्र साहू, सिद्धार्थ गुप्ता, संजीव मांझी आदि शामिल हैं।

### नीलांबर पीतांबर जयंती को लेकर आयोजन समिति गठित



**खलारी (आजाद सिपाही)।** नीलांबर पीतांबर जन कल्याण समिति की बैठक रविवार को जामडीह स्थित दामोदर नदी में हुई। जिसकी अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता तथा संचालन अमृत भोगता ने किया। बैठक में 10 जनवरी को बड़की टांड़ में आयोजित नीलांबर पीतांबर जयंती को लेकर समीक्षा करते हुए सफल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी जिसमे जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया। सभी के सहयोग से जयंती समारोह को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया। इस मौके पर रामलखन गंझू,रंथू उरांव,देवपाल मुंडा, जालिम सिंह, विनय खलखो,धनराज भोगता,मुखिया संतोष कुमार महली, कन्हाई पासी, मधु गंझु, शिवनारायण लोहरा,अशोक राम, प्रकाश महतो, प्रभाकर गंझू,आनंद तुरी, रामधारी गंझू,रमेश गंझू, सुनील यादव, कीनू गंझू, रविंद्र यादव,दामोदर गंझू, मनोज गंझू, सिद्धार्थ भोगता, अमर भोगता, श्यामजी महतो, राजेंद्र उरांव, प्रभु गंझू बिगना गंझू, शिवदयाल गंझू,भोला गंझू, विनय उरांव, श्याम उरांव, बिनोद उरांव, रवि उरांव, जयराम गंझू, सिपता गंझू, भरत महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

### खूंटी में युवक ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शहर की डहुगुटू बस्ती निवासी परिबल महतो का 20 वर्षीय पुत्र विजय महतो ने रविवार को अहले सुबह अपने घर में फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। स्वजनों के अनुसार परिबल ने जब इस घटना को अंजाम दिया, उस समय घर के अन्य सदस्य काम के लिए खलियान की ओर गये हुए थे। खलियान से वापस लौटने पर स्वजनों ने जब फंदे से झूलते विजय को देखा तो तुरंत उसे फंदे से नीचे उतारा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही खूंटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाइ के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया। स्वजनों के अनुसार मृतक विगत कई वर्षों से शराब, गांजा, भांग आदि नशीले पदार्थों का सेवन करता था। लगातार नशा का सेवन करने से वह नशे का आदी हो गया था। संभावना व्यक्त की जा रही है कि नशे की लत के कारण अवसाद में गए युवक ने इस घटना को अंजाम दिया।

### वृद्ध महिला पेड़ पर फांसी लगा की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के सुंदारी जामगढ़ा सोसोटोली में एक 60 वर्षीय महिला ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतका मरियम चंपिया की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। चार साल पहले उसके पति के देहांत के बाद से उसकी मानसिक स्थिति खराब रहने लगी थी। रविवार को दोपहर में जंगल मे जाकर अपनी ही साड़ी से फंदा लगाकर उसने खुदकुशी कर ली। इसकी जानकरी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रूबेन टोपनो को हुई, तो उन्होंने घटनास्थल पहूंच तोरपा पुलिस को अवगत करा दिया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टामार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया।

### पिपरवार विकास समिति ने बांटा गर्म वस्त्र



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार विकास समिति के द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय पिपरवार में एक सादे समारोह आयोजित कर क्षेत्र के गरीब और असहाय लोगों के बीच गर्म वस्त्र शॉल का वितरण किया। इस मौके पर पिपरवार विकास समिति के लोगों ने दर्जनों गरीब एवं असहाय महिला पुरुष के बीच शॉल का वितरण किया। इस संबंध में पिपरवार विकास समिति के सचिव संतोष कुमार राम ने बताया कि पिपरवार विकास समिति के द्वारा लगातार क्षेत्र के गरीब असहाय एवं वृद्ध लोगों के बीच सहायता प्रदान की जाती है। कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए क्षेत्र के गरीबों के बीच शॉल का वितरण किया जा रहा है। इससे गरीबों को ठंड से राहत मिलेगी। इस मौके पर संतोष कुमार राम, उमेश महतो, मनोज महतो, बलदेव महतो, राजेंद्र प्रसाद, हरिद्वार प्रजापति, अगनु देशवाली सहित कई लोग मौजूद थे।

### डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में खूंटी के 11 तीरंदाज होंगे शामिल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नोएडा दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तहत चार से आठ जनवरी तक होनेवाले महिला पुरुष वर्ग के तीरंदाजी स्पर्धा में वीर बिरसा तीरंदाजी अकादमी खूंटी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे डीएवी स्कूल खूंटी के 11 तीरंदाज भाग लेंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सभी तीरंदाज सोमवार एक जनवरी को रांची से ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चयनित तीरंदाजों में अंडर 14 बालिका वर्ग के लिए वर्षा कच्छप, अश्विता पूर्ति, अर्पिता कुमारी और स्निग्धा, अंडर 17 बालिका वर्ग के लिए ऋषिका नाग, स्वीटी बाखला और ईशा कुमारी, अंडर 19 बालिका वर्ग के लिए प्रज्ञा मुंडाइन, अंडर 14 वर्ग के लिए हर्ष कुमार और सिद्धार्थ राम तथा अंडर 17 बालक वर्ग के लिए अपूर्व रवि शामिल हैं। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के लिए चयनित सभी बच्चों को डीएवी स्कूल के प्राचार्य टीपी झा और शारीरिक शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह ने शुभकामनाएं दी। यही जानकारी तीरंदाजी अकादमी के कोच बसंत कुमार ने दी।

## मानव संसाधन प्रबंधन के मूल में है जीवन प्रबंधन : डॉ अमर चौधरी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यापार प्रबंधन विभाग में शनिवार को मानव संसाधन प्रबंध विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए हेड एंड डीन डॉ एके चट्टोराज ने कहा कि बदलते वैश्विक वातावरण में मानव संसाधन का प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो गया है, लेकिन जीवन की सफलता प्रबंधन में ही है। उन्होंने विषय पर गहराई से प्रकाश डाला और छात्रों को कई बहुमूल्य विचारों से अवगत कराया। वहीं, सेमिनार के संयोजक सह ख्यातिप्राप्त प्राध्यापक डॉ अमर कुमार चौधरी ने मानव संसाधन प्रबंधन को जीवन का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि छात्रों को पढ़ने व लिखने के साथ-साथ बोलने की कला में महारत हासिल होगी, क्योंकि आपके द्वारा किए गए कार्यों को प्रस्तुत करना एक कला है। जिससे परिवार, समाज और राष्ट्र का विकास होता है। इस कला का विकास इस तरह के कार्यक्रमों में प्रत्यक्ष सहभागिता से ही संभव है। डॉ चौधरी ने कहा कि छात्रों को पढ़ने व लिखने के साथ बोलने की कला से लोगों को फेस करने का जो साहस और आत्मविश्वास बढ़ता है उससे नेतृत्वकर्ता के गुण विकसित होते है। यही गुण छात्रों के भविष्य निर्माण का आधार है। इस तरह के विषय पर संगोष्ठी के आयोजन से छात्र केंद्रित परिवेश निर्मित होता है और जो छात्र उस परिवेश में अपने को ढाल लेता है वह आगे चलकर मानव संसाधन के प्रबंधन से लेकर जीवन प्रबंधन कर नेतृत्व के साथ विभिन्न संगठनों का विकास भी करता है। संगोष्ठी में डॉ एमसी मेहता एवं डॉ एमएन जुबैरी ने भी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए मोटिवेट किया। सेमिनार में विभाग की छात्र राही सांगा, प्रेरणा सिंह, ममता कुमारी, खुशबू कुमारी, सेइभा तोहिदा, बबली कुमारी, जानवी कुमारी, ईसानी कुमारी, मनप्रीत आदि ने भी मानव संसाधन एवं प्रबंध विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सेमिनार में डॉ एमसी मेहता, डॉ एमएन जुबैरी, डॉ अविनाश कुमार, डॉ खुशबू रॉय व श्वेता आदि थे।

## कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल व कपड़े



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कपड़ा बैंक की टीम की ओर से अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में लापुंग प्रखंड के ककरिया पोकटा गांव में 450 जरूरतमंदों के बीच कपड़ों-कंबल का वितरण किया गया। लोगों के बीच कंबल, शॉल, साड़ी जीन्स पैंट, शर्ट, कुर्ती आदि बाटें गए। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके। कपड़ा बैंक का संचालन उन्हीं लोगों के सहयोग से हो रहा है, जो कपड़े आपके लिए अनुपयोगी है लोगों की जरूरत है। लोगों के जीवन में खुशी ला सकती है। लोगों के जीवन की मुख्य आवस्यकता में रोटी कपड़ा और मकान होती है जिसमें कपड़ा भी एक प्रमुख आवश्कता होती है, जो लोगों के तन ढकने के लिए आवश्यक है। मौके पर कैलाश कुमार, सुनील महतो, रवि केशरी, मुकेश कुमार, अनुज कुमार गुप्ता और शक्ति साहू थे। साथ ही कपड़ा वितरण में ककरिया के प्रवीण कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## जिप सदस्य ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल-साड़ी और गमछा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टेरो, डोरंडा, करकरी पंचायत के विभिन्न गांव में को जरूरतमंदों के बीच कंबल और साड़ी का वितरण जिला परिषद सदस्य वेरोनिका उरांव ने किया। जिप सदस्य ने कहा कि सेवा का कोई दायरा नहीं होता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना सर्वोपरि है। जिसके तहत कड़ाके की ठंड को देखते हुए बेड़ो प्रखंड के हर जरूरतमंदों को कंबल पहुंचने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड के हर जरूरतमंदों के बीच हर तरह का सरकारी योजना का लाभ पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। मैके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष मनकू कुजूर, राजेश गोप, फहीम उल हक आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो के कोकड़े गांव में जंगली हाथी ने दो किसानों की फसल रौंदी, मुआवजे की मांग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घाघरा पंचायत के कोकड़े गांव में शनिवार की रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथी ने इसी गांव के दो किसान अनुप मुंडा व लोदो मुंडा के आलू की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत है। इधर, लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने को मजबूर हैं। वहीं ग्रामीणों ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथी को जंगल से भगाने की मांग की है।

## कार-बाइक की टक्कर, बाइक सवार की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर ईंटा मोड़ के समीप रविवार की शाम छह बजे कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि कार सवार घायल दो व्यक्तियों को पुलिस ने रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पीसीआर व बेड़ो थाना के एएसआई लाल मोहर पांडे सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंच गए। मृतक का शव को कब्जे में ले लिया। साथ ही दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने साथ ले गई।

### भाजपा की सदस्यता, पत्रकार सम्मानित सह मिलन समारोह का आयोजन

# राममंदिर का निर्माण पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व का परिणाम : आदित्य

## पत्रकार सकरात्मक दृष्टि से चीजों को समाज के सामने लाते हैं : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम बाजार टाटा रोड पतरा टोली स्थित विर्नंदिनी आवास में रविवार को भाजपा की सदस्यता, पत्रकार सम्मानित सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू शामिल हुए। इस अवसर पर मनोज सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज के लिये आईना का काम करते है। हम जब सोते है तो पत्रकार जान जोखिम में डालकर समस्या एवं घटनाओं को खोजकर सुबह-सुबह हर घर के दरवाजे पर अखबार के माध्यम से पहुंचाते है। सरकार को इनके बारे में विचार करना चाहिये। वहीं, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि जबसे केंद्र में मोदी की सरकार बनी है। किसान, गरीब, युवा और महिलाओं के लिये किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना सहित अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। राममंदिर निर्माण, धारा 370 जैसे समस्याओं का समाधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की देन है। पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी है। वहीं, सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो और उनके नेतृत्व में देश हित के लिये लिये गये निर्णय से प्रभावीत होकर एक-एक जनता उनके साथ जुड़कर काम करने को तैयार है। पत्रकार सकरात्मक दृष्टि से चीजों को समाज के सामने लाते हैं। वहीं, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। युवा और महिलाएं विशेषकर पार्टी के साथ तेजी से जुड़ रहे है। सबका साथ सबका विश्वास मंत्र को सभी लोगों ने स्वीकार किया है। इस दौरान समारोह में आये पत्रकारों को उनके स्वच्छ पत्रकारिता पर राज्यसभा सांसद एवं मनोज कुमार सिंह ने शॉल ओढ़कर सम्मानित किया। दूसरी ओर, गोल्डी सिन्हा एवं नरेंद्र बाल्मीकि के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थाम लिया। इसमें विवेक पूर्ति, संतोष कुमार, अमित कुमार, सूरज लकड़ा आदि शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने किया। मौके पर खिजरी के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, मुखिया कार्मेल कच्छप, अमरनाथ चौधरी, प्रभु दयाल बड़ाईक, विजय बहादुर सिंह, बिरसा पाहन, अनिता तिर्की, भानुमती देवी, रूपा चौहान, पार्वती देवी, बिक्कू सिंह, अनिरूध पांडे, विकास सिंह, पिंटू सिंह, गोपाल चौधरी, रवि कुमार, बिनोद साहू, अशोक मुंडा, संतोष सिंह, हरिकांत सिंह, अरुण झा, ललन ठाकुर, संदीप कुमार, अजीत सिंह, कन्हैया सिंह, प्रदीप सिंह, किनु सिंह, दिनेश कुमार, टिंकू झा, अखिलेश यादव, रामाधार सिंह, मीनू देवी, शंकर पांडे, विमल कुमार, शिव मिश्रा, ओम मिश्रा, प्रकाश भारती, पृथ्वी सिंह, देव सिंह, बिनोद सिंह, कृष्णा कुमार आदि उपस्थित थे।



राज्यसभा सांसद आदित्य साहू का सम्मान करते भाजपा नेता-कार्यकर्ता।

## टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन परामर्शदात्री समिति के सदस्य बने राजेंद्र महतो



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** साल्हन पंचायत के झटनीटुंगरी गांव निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता व अनगड़ा भाजपा मंडल के महामंत्री राजेंद्र महतो को भारत सरकार रेल मंत्रालय दक्षिणी पूर्व रेलवे अंतर्गत टाटीसिलवे स्टेशन के लिए नागरिक सुविधा परामर्शदात्री समिति का सदस्य मनोनित किया गया है। परामर्शदात्री समिति का सदस्य बनाए जाने पर सांसद संजय सेठ, आदित्य साहू, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ रिझू नायक, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, घनेनाथ महतो, सिकंदर अंसारी, रामनाथ महतो, रामसाय मुण्डा, सुनील महतो, जगेश्वर महतो, अगमलाल महतो, नरेश साहू आदि ने बधाई दी है। साथ ही आशा व्यक्त की कि इनके सदस्य बनने से टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन का विकास होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर थामा भाजपा का दामन : रामनारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत के छोटे बेटे व्याख्याता सह शिक्षाविद रामनारायण भगत, कांग्रेस नेत्री नीतू मुंडा व अभय महली ने रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। ये लोग चाईबासा में हुए भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी का दामन थामा। वे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर व प्रदेश एस टी मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर उरांव की मौजूदगी में मांडर विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ भाजपा में शामिल हुए। शिक्षाविद रामनारायण भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कार्यशैली से प्रभावित होकर हमलोगों ने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का समग्र विकास होगा। भाजपा की नीति, सिद्धांत व कार्यक्रम से हमलोग प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि हमलोग भाजपा का एक निष्ठावान सिपाही बनकर देशहित व जनहित में मानवता की सेवा के प्रति तत्पर रहेंगे। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी, बलराम सिंह, आदित्य ताम्रकार, राजेश साहू, भीखा उरांव, जगरनाथ भगत आदि मौजूद थे।



भाजपा नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल होते शिक्षाविद रामनारायण भगत व अन्य।

## आजसू लुपुंग पंचायत कमेटी का हुआ गठन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू के केंद्रीय सचिव सह लुपुंग पंचायत प्रभारी पारसनाथ उरांव की अध्यक्षता में शनिवार को खेल स्टेडियम में बैठक हुई। जिसमें लुपूंग पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें महिला अध्यक्ष सह पंचायत प्रभारी शर्मिला देवी, पंचायत अध्यक्ष सह प्रभारी कृष्ण कन्हैया केसरी, ग्राम प्रभारी लुपुंगजारा से गीता देवी व अनिल महतो, पिरतौल से अनु देवी, बाहया से उषा उरांव, महलीटोला से मालती, लुपूंग से अनुज महतो, कविता व हाहे से पुलेंद्र हजाम व रेखा बनाए गए। पारसनाथ उरांव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को घर-घर जाकर आजसू के नीति सिद्धांतों बताने व बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का निर्देश दिया।

## पीडीएस दुकानदारों की हड़ताल आज से

**पिस्कानगड़ी/नामकुम (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के जनवितरण दुकानदार सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रेह हैं। इस बाबत दुकानदारों ने रविवार को नगड़ी में बैठक की, जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से बंद के समर्थन का निर्णय लिया. कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जन वितरण प्रणाली के दुकानदार काफी आहत है। जबतक संगठन का आदेश नहीं मिलता है तब तक दुकान बंद रहेगी। मौके पर राजकुमार केशरी, मो मुस्तफा, नीलम देवी, सद्दाम हुसैन, अशोक प्रसाद, गुलबुद्दीन अंसारी, बलराम महतो, अजीबुल हक, सोनमती देवी, असलम अंसारी, यासीन अंसारी, गहनु गोप, कैलास, दौलतराम केशरी, प्रेमसागर महतो, रेणुका देवी आदि मौजूद थे। दूसरी ओर रविवार को नामकुम में भी बैठक हुई। जिसमें प्रखंड अंतर्गत सभी पीडीएस दुकानदार शामिल हुए। दुकानदारों ने सर्वसम्मति से अपनी मांगों को लेकर सोमवार से सभी दुकान बंद रखने एवं राशन वितरण नहीं करने का निर्णय लिया। दुकानदारों ने इसे लेकर प्रखंड विकास एवं आपूर्ति पदाधिकारी के नाम ज्ञापन भी सौंपा है। बताया कि केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों एवं अपनी मांगों को लेकर संघ ने फैसला लिया है कि जबतक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तब तक सभी पीडीएस दुकानदार हड़ताल पर रहेंगे। मौके पर संघ के अध्यक्ष समीउल्लाह खान, सचिव बालु महतो, कोषाध्यक्ष सरीफ अंसारी, जयंती देवी, त्रिभुवन साहू, बीके राय आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांग मुकेश ने पारा योगासन में जीता गोल्ड मेडल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिव्यांग स्वाभिमान मंच के सचिव सह टाटीसिलवे निवासी जमशेदपुर (टाटा) में आयोजित झारखंड स्टेट पारा योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 18 जिलों से कुल 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने *आजाद सिपाही* से बताया कि बड़े भैया मुकेश कंचन के नेतृत्व में दिसंबर महीने में कुल तीन गोल्ड मेडल जीता है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## लापुंग प्रखंड के 11 पंचायतों में पहुंचा पूजित अक्षत



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में अयोध्या से आए पूजित अक्षत को सभी 11 पंचायत में पहुचाया गया। पुजारी अजित शर्मा द्वारा विधि पूर्वक पूजा पाठ कर 11 कलशा में अक्षत को रखकर खूंटी विहीप के जिला पूर्व मंत्री वीरेंद्र सोनी के हाथों वितरण किया गया। यह पूजित अक्षत व राम मंदिर की तस्वीर व पंपलेट को गांवो में सरना सनातन धर्मावलंबियों के घर-घर पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। प्रत्येक पंचायत में एक सयोजक व दूसरा उप सयोजक के माध्यम से गांव तक अक्षत पहुंचेगा। सोमवार से 15 जनवरी के बीच अक्षत को हर घर में वितरण किया जाएगा। साथ ही 22 जनवरी को घर-घर में मंदिर को सजाने, पूजा पाठ व दीपावली मनाने, कीर्तन व भंडारा करने का संकल्प लिया गया। लापुंग के सापुकेरा, हुलसू, महुगाव, बोकरंदा, दानेकेरा, मालगो, दोलाईचा, ककरिया, देवगांव, लतरातू व दाड़ी पंचायत में अक्षत वितरण किए। अक्षत वितरण के सहयोगी मंत्री समीर कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राम प्रसाद साहू, संरक्षक नन्दलाल साहू, अनिल कुमार साहू, महेश साहू, किश्वर साहू, अनिल साहू, कंचन कुमार साहू, अरविंद सिंह आदि ने सहयोग किया।

## ओरमांझी के बरतुआ में सरना फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, कंबल भी वितरित


**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरतुआ गणेशपुर में सरना वार्षिक फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में रांची के सांसद संजय सेठ के अलावा रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आंबेडकर झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता प्रीतम सांड लोहरा शामिल हुए। क्वार्टर फाइनल मैच टोबो स्पोर्टिंग कल्ब केदल और आरएफसी कल्ब भुरकुंडा के बीच खेला गया। पेनाल्टी सूट आऊट में टोबो स्पोर्टिंग कल्ब केदल ने 5-4 से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल चार जनवरी को होगा। इस मौके पर सरना वार्षिक फुटबॉल टूर्नामेंट बरतुआ गणेशपुर के अध्यक्ष सह जयडीह पंसस प्रवेश भोगता, सचिव विनोद बेदिया, मीडिया प्रभारी सह ओरमांझी के उप मुखिया संतोष गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, बरतुआ के ग्राम प्रधान सह मुख्य संरक्षक शंकर करमाली, मोहित करमाली उपाध्यक्ष, रामराज महतो कोषाध्यक्ष, नवीन कुमार मुंडा प्रवक्ता, कामेश्वर बेदिया, भुवनेश्वर करमाली, नितिश मुंडा, नकुल, बेदिया, जनार्दन करमाली, प्रकाश बेदिया, लखन बेदिया, बाबुलाल गंझू, विपत करमाली, विशुन बेदिया, भिनेश्वर बेदिया आदि उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने बुजुर्ग ग्रामीणों के बीच कंबल वितरित किया।

### नव वर्ष पर सैलानियों की उमड़नेवाली भीड़ को देखते हुए की गयी है पुलिस की कड़ी व्यवस्था

# नव वर्ष पर सैलानियों के स्वागत के लिए जोन्हा फॉल तैयार

नसीम अहमद सानी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जोन्हा फॉल की प्राकृतिक सौंदर्यता का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में शैलानी यहां पहुंच रहे हैं। शैलानियों एवं पिकनिक मनाने वालों के लिए जोन्हा फॉल सज-धज्ज कर तैयार है। इस शरद ऋतु मे जोन्हा फॉल की सुंदरता में और निखार आ जाता है। झरने के बिल्कुल करीब से निहारने पर पानी की फुहारों से तरबतर शैलानियों को एक अलग ही आनंद की अनुभूति होती है। वहीं कल-कल करते झरने की आवाज पर्यटकों को हर पल रोमांचित करती है। नव वर्ष पर काफी संख्या में आसपास व दूसरे प्रदेश से लोग यहां पिकनिक मनाने आते हैं। राजधानी रांची से तकरीबन 32 किमी दूर जोन्हा फॉल पहुंचने के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध है। पर्यटकों को फॉल के नीचे सुरक्षित ढंग से उतरने के लिए बनी सीढ़ियों के दोनों किनारों पर हाल ही में रैलिंग व गार्डवाल का निर्माण कराया गया है। वहीं पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्यटन मित्र हमेशा मुस्तैद रहते हैं। पर्यटकों के लिए जगह-जगह शेड, रेस्ट हाउस, शौचालय, पेयजल आदि की भी व्यवस्था है। जोन्हा फॉल के उपर गौतम बुद्ध का प्राचीनतम मंदिर है। शैलानी फॉल के साथ-साथ मंदिर का भी दर्शन करते हैं। जोन्हा फॉल में पर्यटकों के लिए एडवेंचर जीप लाइन भी शुरू हो चुकी है। जीप लाईन से पर्यटक बिल्कुल करीब से फॉल की सुंदरता का दीदार कर सकते हैं। जोन्हा फॉल रेल मार्ग से भी आया जा सकता है। गौतमधारा स्टेशन से मात्र दो किमी की दूरी पर ही स्थित है। कैफेटेरिया-वन विभाग ने पर्यटकों की सुविधा के लिए फॉल के निकट एक कैफेटेरिया का निर्माण कराया है। यहां पहुंचने का रास्ता भी सुगम है। फॉल पहुंचने से थोड़ा पहले रेलवे क्रॉसिंग से दाहिना मुड़कर हापतबेड़ा के रास्ते बड़ी आसानी से पहुंचा जा सकता है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से प्र्यटन विभाग द्वारा कई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पर्यटकों को डेंजर जोन में जाने से मनाही के लिए खास खतरनाक क्षेत्रों को चिन्हित कर दिया गया है। दूसरी ओर, जोन्हा फॉल के नजदीक **सीता फॉल** भी प्र्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। खुबसूरत वादियों के बीच इस फॉल की मनोरम छटा मंत्रमुग्ध करने वाली है। रांची से करीब 36 किमी दूर इस फॉल में पर्यटक आसानी से पहुंच सकते हैं। जोन्हा फॉल जाने वाले रास्ते से करीब 3 किमी दूरी पर यह फॉल स्थित है। इस फॉल के आधा किमी पहले एक जगह पर माता सीता की चरण पादुका है। मान्यता है कि माता सीता वनवास के दौरान यहां से गुजरी थीं। जहां चरण पादुका है वहां एक प्राचीन मंदिर भी है। पर्यटक जोन्हा फॉल के साथ-साथ सीता फॉल का भी लुत्फ उठाते हैं। इस फॉल की खोज तत्कालीन बीडीओ व प्रकृति प्रेमी रणेंद्र कुमार ने की थी। यहां पहुंचने के लिए पहले कच्ची सड़क का निर्माण कराया था। बाद में सड़क को पक्कीकरण करवाया गया। यहां शौचालय व पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। यहां भी नव वर्ष पर काफी संख्या में पर्यटक पिकनिक मनाने आते हैं। जंगली इलाका होने की वजह से शाम होने से पहले पर्यटकों को फॉल छोड़ने की हिदायत दी गई है। सुरक्षा के लिए नव वर्ष पर स्थानीय पुलिस कर्मी के अलावे सैफ के जवान भी यहां मुस्तैद एवं गश्ती करते रहते हैं।



## दुकानदारों ने एमओ-बीडीओ को ज्ञापन सौंप कर दी हड़ताल की जानकारी

# पीडीएस डीलरों की हड़ताल आज से, बंद रहेंगी दुकानें

**अपनी मांगों को मनवाने के लिए सभी दुकानदारों को एक होने का आह्वान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/हरिहरगंज (पलामू)।** ऑल इंडिया फेयर प्राईस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर विश्रामपुर, पांडू, नावा बाजार व उंटारी रोड प्रखंड के सभी पीडीएस डीलरों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। विश्रामपुर प्रखंड के डीलरों ने मांगों के समर्थन में रविवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान अपनी-अपनी दुकानें सोमवार से बंद रखने की घोषणा की। इसके अलावा डीलरों ने अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन एमओ बैजनाथ राम को सौंपा। मौके पर फेयर प्राइस डीलर एसोशिएशन के प्रखंड अध्यक्ष विपिन कुमार दूबे, कोषाध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, ओमू चौबे, राघवेंद्र चौबे, रामेश्वर चौबे, राजकुमार पाल, सुरेश राम, शिवनाथ राम, पुनीत शुक्ला, आस्था सिन्हा, गंगाधर विश्वकर्मा, पप्पू सिंह, कृष्णा बैठा, जगनारायण पाल, महेंद्र प्रसाद यादव आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, पलामू जिले के पीपरा प्रखण्ड के सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदार अनिश्चितकाल के लिए दुकानें बंद रखने का आह्वान किया है। इसे लेकर पीपरा प्रखण्ड के सभी पीडीएस दुकानदारों ने शनिवार को प्रखण्ड कार्यालय पहुंच कर खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सर्जुन राम एवं प्रखण्ड प्रधान सहायक संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपा। वहीं इस संबंध में पीपरा डिलर संघ के अध्यक्ष विजय प्रसाद यादव ने बताया कि ऑल इंडिया फेयर्स प्राइस डीलर एसिसोएशन के तहत सोमवार (1 जनवरी 2024) से हड़ताल पर जायेंगें। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सरकार के अपर सचिव को दे दी गई है। वहीं एमओ और बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखण्ड सहायक को ज्ञापन सौंपा गया है। मौके पर राजमणि सिंह, संजय सिंह, महेश राम, अनिल सिंह, रवींद्र सिंह, नंदलाल सिंह, मदन गुप्ता, अरुण राम, देवनंदन सिंह, विजय पासवान, सुरेंद्र उरांव, विश्वनाथ तिवारी, रंजय ठाकुर आदि उपस्थित थे।



पीडीएस दुकानदार हाथ में तख्तियां लेकर पहुंचे पीपरा ब्लॉक।



विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते पीडीएस दुकानदार।

## पुलिस से समाज और वृक्ष से पर्यावरण प्रकृति की होती है हिफाजत : कौशल

**उंटारी थाने के एएसआई के सेवानिवृति पर पर्यावरणविद ने थाना परिसर में क्षीर चंदन सहित कई पौधे**
**- पर्यावरणविद ने सेवानिवृत्त एएसआई को बारहमासी आम का पौधे, स्मृति चिन्ह व शॉल देकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता




पौधा लगाते व सम्मानित करते पर्यावरणविद, इस्पेक्टर व थाना प्रभारी अन्य ।

**उटारी रोड/पलामू।** जिले के उंटारी थाना में रविवार को सेवानिवृत्त एएसआई राजकुमार शर्मा को भावभीनी विदाई दी गयी। उनके सम्मान व विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने इंस्पेक्टर प्रियंका आनंद, उंटारी थाना प्रभारी अशोक कुमार, रेहला थानाप्रभारी नेमधारी रजक सहित अन्य लोगों के साथ थाना परिसर में चंदन, आम, छतरी, कदम, लीची और पीपल का पौधा लगाया। पृथ्वी को पौधा समर्पित करने के पूर्व पर्यावरणविद कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने सेवानिवृत्त एएसआइ को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा, मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ा सम्मानित किया। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि वृक्ष और पुलिस दोनों ही समाज के लिए कार्य करते हैं। वृक्ष प्रकृति व पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित रखता है, जबकि पुलिस समाज के लोगों की सुरक्षा प्रदान करने के लिए रात-दिन प्रयासरत रहती है। उन्होंने कहा कि समाज व पर्यावरण के लिए वृक्षों और पुलिस का होना नितांत जरूरी है। वनरखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि कोरोना काल में उनकी ओर से इसके पहले थाना परिसर में कई प्रजाति के पौधे लगाए गए थे जो आज विकसित होकर वृक्ष बन गये है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जीवन के हर मौके पर पौधरोपण करने का अनुरोध किया। उन्होंने जिला पार्षद अरविंद सिंह के साथ शिवसंपत धाम परिसर का निरीक्षण कर वहां पौधरोपण करने का आश्वासन दिया। ताकि मंदिर परिसर को और आकर्षक बनाया जा सके। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व प्रमुख रामसेवक राम, सब इंस्पेक्टर रमेशचंद्र महतो, एएसआई चंडी प्रकाश, मुन्नालाल जामदा, डॉ योगेंद्र सिंह, अगस्त तिवारी सहित कई लोग शामिल थे।

## पलामू को पागलखाना नहीं पानी चाहिए: अरुणा शंकर

**अपील : नव वर्ष में दिन की शुरूआत जय श्री राम से करें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष की शुरूआत रामलाल के आगमन से हो रहा है। अब वह पल दूर नहीं जब रामलाल अपने गर्भ गृह में विराजेंगे जो हम हिंदुओं के लिए गर्व की बात है। प्रथम महापौर ने कहा कि यह हम हिंदुओं के लिए सौभाग्य की बात है हम सब इस पल का गवाह बनने जा रहे हैं। प्रथम महापौर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि झारखंड सरकार एक तरफ अपने चार साल के कामयाबी का जश्न मना रही, वहीं पलामू की सबसे बड़ी समस्या पानी के निदान की जगह एक पागलखाना पलामू के कांके कला में इन चार वर्षों का सौगात दिया है। मैं सरकार से कहना चाहती हूं कि हमारे पीएचडी मंत्री पलामू से हैं। पलामू को पानी दें पागलखाना नहीं। प्रथम महापौर ने सभी को एक बार पुनः नए वर्ष की बधाई दी और कहा कि लोग सुरक्षित और खुशी-खुशी परिवार एवं दोस्तों के साथ नव वर्ष मनाए। नए वर्ष में हेलो-हाय की जगह जय श्रीराम या राम राम से दिन की शुरूआत करें।

## मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान से जुड़ा है : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**बाबा महत्वाना धाम पर इस साल भी आयोजित हुआ मेला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित खुटीसोत नदी तट पर आस्था के प्रतिक बाबा महत्वना धाम पर वर्ष के अंतिम दिन शनिवार को भव्य मेला लगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को बाबा महत्वना धाम पर भव्य मेला लगता है। जिसमें स्थानीय के अलावा दूर-दूर से भी लोग काफी संख्या में आते हैं। इस बार भी कड़ाके की ठंढ पर आस्था भरी पड़ा व लोग अहले सुबह से ही महत्वना धाम पहुंचाने लगे थे। बाबा महत्वना की पूजा का दौर पूरे दिन चलता रहा। आयोजन कमेटी द्वारा भोजपुरी दुगोला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान है। यह सांस्कृतिक पहचान हमें बिरासत में मिली है। इसे आगे लेकर जाना है। उन्होंने घोषणा की कि विधायक मद से धाम स्थल पर यात्री शेड का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावे धाम तक पहुंचने वाले सड़क का पक्कीकरण कराया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने भोजपुरी दुगोला में एक से बढ़ कर एक गीत गाकर मेला क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। बाबा महत्वना धाम के पुजारी सरयू चौधरी ने बताया कि यहां जो भी श्रद्धालु मनोकामना लेकर आते है बाबा उनकी मनोकामना पूर्ण करते है। मौके पर विधायक के ग्रामीण प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, निवर्तमान पार्षद सुनील चौधरी, समजसेवी विजय कुमार रवि, इद्रीश हवारी, देववंश राम, विनोद राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## हरिहरगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम की अध्यक्षता में रविवार को प्रखंड क्षेत्र के 61 बूथों पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। पीएम ने कहा कि इस वर्ष देश ने कई विशेष उपलब्धियां हासिल की है। 2024 में भी हमें इसी भावना और गति को बनाए रखना है। प्रधानमंत्री ने सभी को नव वर्ष की शुभ कामनाएं दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि आरुण मिश्रा, महामंत्री सन्नी गुप्ता, उपाध्यक्ष रघुनंदन साव, मंत्री सनोज गुप्ता, करण राजवीर, भाजयुमो महामंत्री अम्बुज सिंह, धनंजय सिंह, जानू चौधरी, धनंजय यादव, सत्येंद्र भुइयां, संतोष सौणडिक, संजय पासवान, विकास पासवान, रामाशीष यादव आदि मौजूद थे।**

## बोरोदिरी का दलित मुहल्ला अब अंबेडकर नगर : डॉ शशिभूषण




आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के केलहवा पंचायत के बोरोदिरी में पंहुचते ही रविवार को ढोल नगाड़े से जोरदार स्वागत किया गया। विधायक डॉ मेहता ने पूजा पाठ कर दलित मुहल्ला को अंबेडकर नगर के नाम से नामकरण किया। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि इस मुहल्ले को जाती सूचक मुहल्ला के नाम से जाना जाता था। अब यह मुहल्ला अंबेडकर नगर के नाम से जाना जाएगा। पांकी विधानसभा में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। जिसमें बहुत जल्द बोरोदिरी में भी अंबेडकर जी की प्रतिमा लगायी जायेग। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों चाहे बेटा हो या बेटी पढ़ा लिखाकर शिक्षित बनाये। इस मौके पर गरीब असहाय महिला और वृद्ध लोगों के बीच साड़ी और कंबल का वितरण किया गया। मौके पर प्रो बचन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्यप्रकाश पांडे उर्फ चुनमुन पांडे, कमेश यादव, रंजय ठाकुर, लाला यादव, यशवंत कुमार मेहता, अनुज सिंह, रोशन सिंह, कृष्णा मेहता, बबलू राम, दिनेश रवि, दिलेश्वर रवि, नन्हक राम और विनोद राम आदि मौजूद थे।

## आदिवासी समाज का विकास मुख्य उद्देश्य : मीना देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुदंड पंचायत सचिवालय में पीएम जनमन शिविर लगाया गया। मुखिया मीना देवी, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, कल्याण विभाग के अविनाश कुमार ने अन्य कर्मियों के साथ शिविर का उद्घाटन करते हुए विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों व कल्याणकारी योजनाओं से लाभावित करने पर बल दिया। जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार ने कहा कि पीएम जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य पीवीटीजी को संपूर्ण रूप से सशक्त बनाना है। मुखिया ने कहा कि यह कार्यक्रम आदिम जनजाति के पिछड़े समूह को लाभावित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। समाज की जो संरचना है उसमें विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह जिसकों कि पीवीटीजी कहते हैं। समाज के अंतिम पायदान पर बैठा हुआ समूह है। ये लोग सबसे ज्यादा पिछड़े हुए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। शिविर में आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, आधार कार्ड केसीसी कार्ड आदि के लिए आवेदन स्वीकृत किए गए।

## विश्रामपुर के राम नारायण चौधरी बने डीएसपी, पैतृक गांव में खुशी की लहर



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के जरका गांव निवासी आरएन चौधरी को झारखंड सरकार गृह करा व आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से डीएसपी में प्रोन्नति दी गई है। इसके बाद उनके पैतृक गांव जरका सहित आसपास के गांव में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि घर का लड़का पुलिस उपाधीक्षक बनकर गांव, पंचायत, प्रखंड व जिला का नाम रोशन किया है। विदित हो कि पुलिस उपाधीक्षक आरएन चौधरी पुलिस विभाग में बतौर सब इंस्पेक्टर पदस्थापित हुए थे। इसके बाद इंस्पेक्टर के रूप में उनका प्रोन्नति हुआ था। वर्तमान में गिरिडीह नगर थाना में बतौर प्रभारी के पद पर कार्यरत है। वे गांव के एक सामान्य परिवार से संबंध रखते हैं। उन्होंने अपने पैतृक गांव में अपने निजी खर्च से एक भव्य मंदिर का निर्माण भी कराया है। इधर, उनके डीएसपी बनने पर प्रखंड उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह, गुरी पंचायत मुखिया रौशीला देवी, यादव महासभा प्रखंड अध्यक्ष नंदेव यादव, बिरजू यादव, गुड्डू पांडेय, रामस्वरूप सिंह, अनिल सिंह, प्रदीप सिंह, योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्यनारायण चौधरी, मुख लाल चौधरी आदि ने बधाई दी है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा देश का सर्वांगीण विकास : बबलू सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 108 वें संस्करण को सुना। और लोकसभा चुनाव 2024 में जिताने और मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में अयोध्या में रामलला के मंदिर का उद्घाटन का जिक्र करने से कार्यकर्ता उत्साहित नजर आए। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की बातों को सुना और उन बातों को जनता के बीच ले जाने की बात कही। भाजपा के वरीय नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात काफी उपयोगी है। उन्होंने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के कार्यों का उल्लेख किया। देश के सर्वांगीण विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेहतर कार्य हो रहा है। मौके पर रामेश्वर राम, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, सुबोध कश्यप, संतोष गुप्ता, अरुण विश्वकर्मा, अनूप सिंह आदि मौजूद थे।

## रेहला पुलिस ने क्षेत्र के सभी होटलों में चलाया जांच अभियान



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** रेहला पुलिस ने शनिवार की रात थाना क्षेत्र के सभी होटलों में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने होटल के कमरों की जांच की। होटल के रजिस्टर का अवलोकन किया। इसके अलावा होटल में ठहरे लोगों का आधार कार्ड की भी जांच की। नेमधरी रजक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षा के मद्देनजर रेहला थाना क्षेत्र के सभी होटल का रजिस्टर और होटल के कमरा की छानबीन की जा रही है।

# स्पोर्ट्स



**न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच खेले गए आखिरी टी-20 मैच में कीवी टीम ने डकवर्थ लुईस नियम से 17 रन से मुकाबला जीत लिया। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज भी 1-1 की बराबरी पर खत्म हो गया।**

### न्यूजीलैंड-बांग्लादेश टी-20 सीरीज ड्रा : पहला मैच बांग्लादेश ने जीता व दूसरा चढ़ गया था बारिश की भेंट

## न्यूजीलैंड ने आखिरी मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम से 17 रन से हराया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच रविवार को खेले गए आखिरी टी-20 मैच में कीवी टीम ने डकवर्थ लुईस नियम से 17 रन से मुकाबले को जीत लिया। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर खत्म हुई। इससे पहले माउंट मॉनगनुई में खेला गया दूसरा टी-20 भी बारिश की वजह से रद्द हो गया था। जबकि पहले टी-20 मैच में बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया था। बतातें चलें कि न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका यह फैसला सही साबित हुआ और बांग्लादेश की पूरी टीम 19.2 ओवर में सिर्फ 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बांग्लादेश को पहला झटका 4 रन के स्कोर पर लगा। ओपनर सौम्य सरकार टिम सउदी की गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर पवेलियन लौटगए। वहीं, बांग्लादेश के 6 ओवर के बाद स्कोर 3 विकेट पर 45 रन था। 68 रन तक बांग्लादेश के पांच विकेट गिर चुके थे। बांग्लादेश का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। बांग्लादेश की ओर से कैप्टन नजमुल हुसैन शांतो टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 15 गेंदों पर 17 रन बनाए। उधर, न्यूजीलैंड के लिए कप्तान मिचेल सैंटनर ने 4 ओवर में 16 रन देकर सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। उन्होंने अफिफ हुसैन (14), तौहीद हृदय (16), शमीम हुसैन (9) और मेहदी हसन (4) को अपना शिकार बनाया। इनके अलावा टिम सउदी ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 और एडम मिल्ने ने 3.2 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट और बेन सियर्स ने 4 ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट लिए।

कीवी टीम को भी शुरूआती झटके लगे, लेकिन जेम्स नीशम (28) और मिचेल सैंटनर (18) ने उन्हें मुकाबले में जीत दिला दी। न्यूजीलैंड का पहला विकेट 16 रन पर गिरा। टिम सेफर्ट 3 गेंदों का सामना कर 1 रन बनाया। 49 रन तक न्यूजीलैंड के 5 विकेट गिर चुके थे। उसके चार बल्लेबाज 1-1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ऐसा लगा कि मैच बांग्लादेश के हाथों में चला जाएगा। जेम्स निशम और मिचेल सैंटनर ने पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। जब बारिश की वजह से मैच रूका, तब न्यूजीलैंड को 32 गेंदों पर 16 रन की जरूरत थी। ऐसे में डकवर्थ लुईस नियम के तहत उसे 17 रन से जीत मिल गई।

## सुरक्षा गार्ड को धमकी : मालिक को बोल देना उसको गोली मार देंगे, जांच शुरू

# देवघरा में निर्माणाधीन जलापूर्ति प्लांट के मुख्य द्वार पर फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** धर्माबांध ओपी अंतर्गत देवघरा पहाड़ी के समीप रविवार की सुबह बाघमारा फेज-2 जलापूर्ति योजना के तहत बन रहे फिल्टर प्लांट के मुख्यद्वार पर बाइक सवार दो नकाबपोश अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। यही नहीं, वहां तैनात प्राइवेट कंपनी के गार्ड को डरा धमका प्लांट निर्माण में लगी कंपनी के बॉस को गोली मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना मिलते ही धर्माबांध ओपी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और पूरी घटना की जानकारी ली। इस बाबत निर्माणधीन प्लांट में तैनात सुरक्षा गार्ड की लिखित शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। सुरक्षा गार्ड सुनील कुमार महतो ने पुलिस को बताया कि वो रविवार को आदित्य अरबदेव कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड की ओर से निर्माणाधिन जलापूर्ति प्लांट में ड्यूटी कर रहा था। तभी प्लांट के मुख्य द्वार पर काली रंग की बाइक पर सवार होकर दो नकाबपोश युवक आये और हवाई फायरिंग कर दिया। कहा कि अपने बॉस को बोला देना की उसे गोली मार देंगे। इसके बाद वे लोग फोर लेन सड़क की ओर भाग गए। इस दौरान उनके पिस्तौल की एक गोली और एक मैगजीन जमीन पर गिर गया। जिसे उसने पुलिस को सौंप दिया। हालांकि जो गोली चली है उसका खोखा बरामद नहीं हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है इससे पहले भी प्लांट में ऐसी वारदात हो चुकी है। जबकि धर्माबांध ओपी प्रभारी रोहित सिंह ने कहा की गार्ड की ओर से लिखित शिकायत दी गयी है। मामले की जांच की जा रही है।





फिल्टर प्लांट के मुख्य द्वार पर अज्ञात अपराधियों की ओर से की गयी फायरिंग के बाद मौके पर पड़ा कारतूस और मैगजीन।

# नववर्ष का उत्साह से करें स्वागत विश्व में हो अमन चैन : उमाकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** आजसू के गमहरिया पंचायत की बैठक रविवार को हुई। जिसमें शामिल पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि वर्ष 2023 को आमजीवन ने जिस उत्साह से स्वागत किया था हैं, 2024 को दोगुणा उत्साह से स्वागत करें। ईश्वर से प्रार्थना करें की नववर्ष विश्व के लिए अमन चैन, सुख शांति और समृद्धि का वर्ष हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि नए साल के आगमन के साथ इंसान इस आशा और उम्मीद से भर जाते हैं कि भविष्य के गर्भ में अच्छे समय की सौगात है। चीजों का बदलाव बेहतरी के लिए होगा। हालांकि हमेशा इंसान के उम्मीद के अनुसार चीजें नहीं होती हैं। बाधाओं और मुश्किलों से भी पार पाना होता है। हर बाधा का सामना मुस्कुराते हुए करना सीखना होगा। जो व्यक्ति तैरना जानता है, उसके लिए समुद्र की लहरें रमणीय होती हैं। यदि समुचित ज्ञान एवं सही व्यवहार हो तो इंसान के जीवन के उतार-चढ़ाव का सामना करने में मदद अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समर रजवार ने किया। मौके पर तापस दास, अमल मंडल, काली पद बाउरी, अख्तर अंसारी, विधान रजक, मोहन सिंह, कांचन दास, शिव प्रसाद महतो, वशिष्ठ सिंह चौधरी, हासिम अंसारी व गणेश महतो उपस्थित थे।



# खेल से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : अशोक




**फुटबॉल टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी भाईचारे को देता है बढ़ावा : विनोद महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड के गांगजोरी पंचायत अंतर्गत मौजा तिलैया स्थित रामडीह में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सरी सरना कल्ब द्वारा आयोजित खेल में ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित आठ टीमें हिस्सा लिया। जिसका उद्घाटन जरीडीह प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के निजी सचिव बिनोद कुमार महतो ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय लेने के साथ किया। खेल का उद्घाटन करते हुए विधायक के निजी सचिव बिनोद कुमार महतो ने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्रों का महत्वपूर्ण खेल है। इस खेल से ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी भाईचारे की भावनाओं को बढ़ावा मिलता है। वहीं जरीडीह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के खेलों से खिलाड़ियों के अंदर आमविश्वास के साथ साथ शारीरिक, मानसिक विकास होता है। इस प्रकार के खेलों के प्रति विभिन्न सरकारों को खिलाड़ियों के विकास के लिए रोजगार कानून बनानी चाहिए। आयोजित खेल के अंतर्गत विजयी टीम को एक बड़ा बकरा, उपविजेता टीम को छोटा बकरा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए बेरमो विधायक की ओर से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया। जिस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष बालेश्वर सोरेन, राजेंद्र सोरेन, संतोष कुमार सोरेन, मनीष मरांडी, फुलेश्वर सोरेन, सुदेश कुमार सोरेन, मानिक चंद महतो, मंगरू सोरेन, धनेश्वर सोरेन आदि ने खेल के आयोजन में सहयोग किया।

# रागिनी सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों को सौंपी ट्रॉफी, दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया के भालगोड़ा मैदान में आयोजित छह दिवसीय स्वर्गीय बजरंगी कुमार मेमोरियल क्रिकेट प्रीमियर लीग का रविवार को समापन हो गया। फाइनल मुकाबला किंग्स इलेवन शिमला बहाल और स्टार इलेवन भालगोडा के बीच खेला गया। इस निर्णायक मैच में किंग्स इलेवन शिमलाबहाल ने जीत हासिल कर टूर्नामेंट पर अपना कब्जा जमाया जबकि उप विजेता स्टार इलेवन भालगोड़ा की टीम रही। इस फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह शामिल हुई। आयोजको द्वारा रागिनी सिंह को पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं रागिनी सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर भविष्य में खेल के क्षेत्र में इसी तरह आगे बढ़ने के लिए की शुभकामनाए दी। टूर्नामेंट के आयोजन में मुख्य रूप से सोनू कुमार, सन्नी राम, सौरभ कुमार की अहम भूमिका रही वही मौके पर भाजपा नेता श्रवण राम, रामप्रकाश सिंह ,बबलू सिंह, दिलीप भारती समेत कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।



## झरिया आर्ट फेस्टिवल में बच्चों ने कागज पर उकेरा वायु प्रदूषण का दर्द

# बच्चों ने चित्रकारी में दिखाया प्रदूषण का दर्द : मो शाहनवाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** चिल्ड्रन पार्क में रविवार को सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट एवं ग्रीन लाइफ के संयुक्त तत्वधान में आयोजित झरिया आर्ट फेस्टिवल में लगभग 350 विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से झरिया के वायु प्रदूषण के मर्म को कागजों पर उकेर कर इसके दुष्प्रभाव को दर्शाया। इसमें झरिया के अलावे धनबाद, कतरास, गोविंदपुर, निरसा, महुदा, सिंदरी, भौंरा, जामाडोबा, डिगवाडीह के बच्चों द्वारा बनाये गए पेंटिंग ने मौजूद लोग और ज्यूरी मेम्बर्स को सोचने को मजबूर कर दिया। उन्हें पता चला कि वायु प्रदूषण की समस्या को चलते होने वाले दुष्परिणाम को बच्चे अपने भविष्य से जोड़ कर किस प्रकार से देख रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के अनुभाग पदाधिकारी मो शाहनवाज आलम रहे। वहीं ज्यूरी की भूमिका कला विश्लेषक अभिषेक कश्यप, चासनाला सेल के उपमहाप्रबंधक मनीष भाटिया, एवं डॉ शबा आलम खान ने निभाई। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों में टॉप 10 को प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। बाकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र बांटे गए। इससे पहले मुख्य अतिथि और ज्यूरी मेम्बर्स को पौधा देकर सम्मानित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि मों शाहनवाज ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कला आत्मिक अभिव्यक्ति का शसक्त माध्यम है। बच्चों ने जो अपने चित्रकारी में प्रदूषण का दर्द दिखाया है वह काबिल ए तारीफ है। झरिया में प्रदूषण अपने चरम पर है। बीसीसीएल द्वारा मानक के विरुद्ध कोयला खनन की बातें संज्ञान में आई हैं। यदि यहां के किसी नागरिक द्वारा शिकायत की जाती है तो हमारा विभाग कोयला कंपनी पर कार्रवाई करेगी। वहीं, अभिषेक कश्यप ने कहा कि इस प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चे विजेता हैं। सभी ने जिस प्रकार प्रदूषण की समस्या पर अपने पेंटिंग के माध्यम से दर्शाया है उससे यहां के लोगों का दर्द दिख रहा है। कार्यक्रम में यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद, ग्रीन लाइफ के डॉ मनोज सिंह, मनीष भाटिया, डॉ एस हैदर, शिवबालक पासवान, अनिल जैन, अशफाक हुसैन, मो इकबाल, दीपक अग्रवाल कई लोग मौजूद थे।






# नये साल में और भी मनोयोग से करेंगे क्षेत्र के लोगों की सेवा: डॉ लंबोदर महतो

**गोमिया विधायक ने लोगों को दी नये साल की शुभकामनाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने नव वर्ष 2024 की गोमिया विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य भर के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि आने वाले साल सभी के लिए मंगलकारी हो। खुशियां और सुख समृद्धि लेकर आए। उन्होंने कहा कि हमने बीते साल में लोगों की सेवा पूरी मनोभाव एवं समर्पण की भावना से की। लोगों के सुख-दुख में साथी बना रहा। क्षेत्र में विकास योजनाओं का जाल बिछे इसको लेकर भी निरंतर प्रयासरत हूं। हमारा सपना अपने विधानसभा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर क्षेत्र को विकास के मामले में आगे रखने का है। नए वर्ष में और भी मनोयोग क्षेत्र की जनता का सेवा करुंगा। क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों में विकास से जुड़ी योजनाएं चलती रहे, लोगों का पलायन रुके और घर-घर तक पानी पहुंचे को लेकर हमारी महती भूमिका बनी रहेगी। नये वर्ष में लोग निरोग रहें, विकास कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे, रोजगार की नई-नई संभावनाएं उत्पन्न होती रहे और एक- एक व्यक्ति से हमारा संपर्क बना रहे। सबों के हितो की रक्षा करना हमारा कर्तव्य एवं दायित्व बना रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगों को हक दिलाने के लिए संघर्षरत हूं और जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर स्वर्णिम झारखंड की तस्वीर गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है।



# जरूरत पड़ी तो आदिवासी-ग्रामीणों को हक दिलाने के लिए आगे भी करेंगे आंदोलन : रामकृष्ण पाठक

**जमसं (बच्चा गुट) संवाददाता सम्मेलन कर अपने उपर लगे आरोप को बताया निराधार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बस्ताकोला देवप्रभा आउटसोर्सिंग व्यू पॉइंट के समीप रविवार को जमसं (बच्चा गुट) के नेताओं ने चांदमारी मांझी बस्ती के ग्रामीणों के साथ मिलकर संवाददाता सम्मेलन किया। संगठन के वरीय नेता रामकृष्ण पाठक ने सफाई देते हुए कहा कि परियोजना में चार दिवसीय हड़ताल व कोयला डिस्पैच बीसीसीएल द्वारा सहमति दिए जाने के बाद भी मांगों को पूरा नहीं करने के विरोध में किया गया था। न कि निजी स्वार्थ के लिए। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि एक खास यूनियन के समर्थकों ने आरोप लगाया था कि निजी स्वार्थ के लिए संगठन के नेता कार्य को ठप रखे हैं जो सरासर गलत है। रामकृष्ण पाठक ने कहा कि आरोप लगाने वाले अपने गिरेबान में देखें कि कोयला चोरी, लोहा चोरी आदि कार्यों में किन के लोग शामिल हैं। झरिया क्षेत्र के कुछ बड़े लोगों को विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के विकास कार्य देख कर बेचैनी हो गई हैं। आदिवासियों की जमीन को अपनी बताते हुए बीसीसीएल ने उत्खनन कार्य शुरू कर दिया था। जिसका विरोध संघ एवं झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने किया था। इस आलोक में विधानसभा में प्रश्न भी उठाया था। जिसके बाद सर्वे हुआ, लंबी लड़ाई के बाद बीसीसीएल ने माना कि उक्त जमीन आदिवासी ग्रामीणों की है। आदिवासी ग्रामीणों को हक दिलाने के लिए जरूरत पड़ी तो संगठन आगे भी आंदोलन करेगा। इस दौरान आदिवासी ग्रामीणों के नेता बिनोद सिंह, दीपक हांसदा, महावीर कुमार, सुधाकर हेम्ब्रम, सुशील कुमार, टाइगर चौरसिया, राजकुमार भुईया, जितेंदर चौरसिया आदि मौजूद थे।

### क्या है पूरा मामला

गौरतलब हो कि बीते चार दिनों तक जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के बैनर तले आदिवासी ग्रामीणों ने बस्ताकोला आउटसोर्सिंग एवं कोयला डिस्पैच को लंबित मांग के समर्थन में ठप रखा था। कोयला भवन में बीसीसीएल सीएमडी सहित वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में वार्ता हुई। जिस पर सहमति बनी की चांदमारी मांझी बस्ती के 30 आदिवासी ग्रामीणों को कोयला उठाव करने वाले ट्रांसपोर्टिंग कंपनी में नियोजन बरकरार रखा जाएगा। वहीं, जमीन संबंधी मामला का निपटारा के लिए पूर्व के दिए गए अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश को पूरा करने के लिए बीसीसीएल प्रबंधन ने एक महीने का समय लिया है। इस वार्ता के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया। दूसरी ओर, बंदी के कारण आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा नो वर्क नो पे का नोटिस जारी कर दिया था। जिससे तिलमिलाए आउटसोर्सिंग कर्मियों ने इस बंदी के विरोध में शनिवार को आउटसोर्सिंग कंपनी और बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय में प्रदर्शन किया था। आउटसोर्सिंग कर्मियों को जश्रसं ने समर्थन देते हुए प्रदर्शन में शामिल हुआ था। इसी दौरान जनता आरोप लगाया गया था कि निजी स्वार्थ के चलते परियोजना का कार्य व ट्रान्सपोर्टिंग ठप किया गया है।



# लिलौरी मंदिर में बाउरी समाज की बैठक, गौरचंद का इस्तीफा नामंजूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** लिलौरी मंदिर में स्थित जानवी धर्मशाला में रविवार को अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति के केंद्रीय कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता निवर्तमान चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी ने की। निवर्तमान अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी ने बताया कि अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष गौरचंद बाउरी की ओ्र से दिए गए इस्तीफा को रविवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से नामंजूर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बैठक के बाद उनके आवास में जाकर उन्हें अध्यक्ष पद पर बने रहने के लिए मना लिया गया है। उन्होंने कहा कि गौरचंद बाउरी हमारे समाज के स्तंभ हैं। बैठक में अमर बाउरी, श्रीमंत बाउरी, वकील बाउरी, जगन्नाथ बाउरी, युधिष्ठिर बाउरी, प्रहलाद बाउरी, अजीत बाउरी, गोपाल बाउरी, तारापदो बाउरी, कविता देवी, लालू बाउरी,दिलीप बाउरी, रीना देवी, विकास बाउरी, रमेश बाउरी, राजू बाउरी, प्रिया देवी, अशोक बाउरी आदि उपस्थित थे।



# तांचरी में अबुआ आवास योजना का सर्वे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड अंर्तगत तांतरी उत्तरी पंचायत में अबुआ आवास योजना का सर्वे पर्यवेक्षक रोजगार सेवक व पंचायत प्रतिनिधियों ने किया। कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा अबुआ आवास योजना में दिए गए आवेदन का सर्वे किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन का भौतिक जांच कर जिला में भेजा जाएगा। ग्रामीणों की ओर से दिए गए आवेदन की जांच के बाद प्राथमिकता के आधार पर अबुआ आवास योजना का लाभ संबंधित लाभुक को दिया जाएगा। मौके पर तांतरी उत्तरी पंचायत के मुखिया गिरेंद्र मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य माधुरी देवी, रोजगार सेवक अपर्णा देवी और उपमुखिया नामित मिश्रा आदि शामिल थे।



# अरुण षड़ंगी ने संभाला डीजीपी का कार्यभार



● नये डीजीपी की नियुक्ति होने तक वे इस पद पर बने रहेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** अरुण षड़ंगी ने डीजीपी के रूप में कार्यभार संभाला। 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी अरुण षड़ंगी ने राज्य पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त डीजीपी के रूप में पदभार संभाला है। समझा जाता है कि वह नये डीजीपी की नियुक्ति तक प्रभारी बने रहेंगे।

इससे पहले, अरुण षड़ंगी बीजू पटनायक राज्य पुलिस अकादमी के निदेशक के रूप में कार्यरत थे। 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी अरुण को उनके प्रदर्शन के लिए पुलिस पदक मिला है। वर्तमान में पुलिस महानिदेशक सुनील बंसल को उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक का प्रभार दिया गया है। हालांकि, अरुण को यह जिम्मेदारी दी गयी है, क्योंकि नये महानिदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है।

# चिलिका में पक्षी गणना 4 से

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** चिलिका में पक्षियों की गिनती का काम 4 जनवरी से शुरू होगा। इसके लिए एक विशेष टीम नियुक्त की जाएगी, चिलिका वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ ने इन की जानकारी दी है। रिपोर्टों के अनुसार, इस सर्दी में बड़ी संख्या में विदेशी पक्षी आए हैं और कितने देशी पक्षी हैं? पक्षियों की गिनती 4 जनवरी से शुरू होगी। इस पक्षी गणना कार्य के लिए प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। इस पक्षी गणना कार्य के लिए एक प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया जायेगा, तो पक्षियों की सुचारु रूप से गिनती कैसे करें। उसके लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। गौरतलब है कि ये रंग-बिरंगे विदेशी पक्षी हर साल विदेश से एशिया की नमक झील चिलिका में आते हैं। चिलिका वन्यजीव प्रभाग ने विदेशी पक्षियों के साथ-साथ गश्त के लिए विस्तृत व्यवस्था की है।

## ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड में 2024 का ग्रैंड वेलकम

**नयी दिल्ली।** नये साल का स्वागत पूरी दुनिया कर रही। कुछ ऐसे भी देश हैं, जो भारत से कुछ घंटे पहले ही 2024 का वेलकम कर रहे हैं। सबसे पहले नये साल का जश्न न्यूजीलैंड में मना। इसके 2 घंटे बाद ऑस्ट्रेलिया में न्यू ईयर सेलिब्रेशन शुरू हुआ। घड़ी का कांटा जैसे ही 12 के पार गया ऑकलैंड का स्काई टावर आतिशबाजी से रोशन हो गया। इसी तरह का नजारा सिडनी के हार्बर ब्रिज और ओपेरा हाउस के पास देखने को मिला। ऑकलैंड के स्काई टॉवर पर 10 सेकेंड के काउंट डाउन के बाद आतिशबाजी शुरू हुई। यह 5 मिनट चली। इसके लिए 6 महीने से तैयारी की जा रही थी। यहां खराब मौसम की आशंका जताई जा रही थी। हालांकि भारी बारिश के अलर्ट के बीच लोगों ने न्यू ईयर सेलिब्रेट किया।

## प्रगति : खोरधा रोड-बलांगीर रेलवे लाइन परियोजना

# सोनपुर-खंबेश्वरपल्ली के बीच रेलवे लाइन का निर्माण पूरा, किया निरीक्षण





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** खोरधा रोड-बलांगीर रेलवे लाइन परियोजना के सोनपुर और खंबेश्वरपल्ली के बीच 10.50 किमी ब्रॉड गेज रेलवे लाइन का निर्माण पूरा हो गया है। रेलवे सुरक्षा निदेशालय (सीआरएस) ने 29 दिसंबर 2023 को नवनिर्मित रेलवे लाइन का निरीक्षण किया है और इसके संचालन के लिए विभाग को मंजूरी दे दी है।

सीआरएस द्वारा नवनिर्मित रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, पुलों के सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करने के बाद रेलवे सुरक्षा प्राधिकरण ने 301 किलोमीटर लंबी खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना की 10.50 किलोमीटर लंबी सोनपुर-खंबेश्वरपल्ली खंड लाइन को मंजूरी दे दी है। निरीक्षण के दौरान पूर्व तट रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने सीआरएस की सहायता की। कुल 301 किमी लंबी खुर्दा रोड-बलांगीर रेलवे परियोजना में से 152.805 किमी रेल लाइन चालू हो चुकी है। रेलवे इस परियोजना को जल्दी पूरा करने के लिए दोनों तरफ से यानी खुर्दा रोड और बलांगीर से लाइन का निर्माण कर रहा है।

पूर्व तट रेलवे क्षेत्र में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। प्रधानमंत्री ने पहले बलांगीर से झारतरभा तक रेलवे लाइन के दो खंड राष्ट्र को समर्पित किए थे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओडिशा में इस परियोजना की प्रगति की लगातार निगरानी कर रहे हैं और रेल मंत्रालय खुर्दा रोड - बलांगीर रेलवे लाइन की परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने को प्राथमिकता दे रहा है।

पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने क्षेत्र में किये गये बुनियादी ढांचे के काम की स्थिति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर शेष हिस्से को पूरा करने का निर्देश देते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने की सलाह दी।

# ओड़िशा और उत्तरी आंध्र में स्वदेशी अमृत भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गयी मालदा टाउन-बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस सहित दो अमृत भारत एक्सप्रेस और छह बंदे भारत एक्सप्रेस का देश भर के विभिन्न स्टेशनों पर भव्य स्वागत किया गया है। मालदा टाउन-बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस का दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के तहत ओडिशा के जलेश्वर, बालेश्वर और सोरो स्टेशनों और पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार के तहत ओडिशा के भद्रक, कटक, भुवनेश्वर, खुर्दा रोड, ब्रह्मपुर स्टेशनों पर बहुत धूमधाम और पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया है। पूर्व तट रेलवे के तहत उत्तर आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम, विजयनगरम और विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशनों पर भी अमृत भारत ट्रेन का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ स्वागत किया गया है। भद्रक स्टेशन पर सांसद मंजुलता मंडल, विधायक संजीव मलिक और सामाजिक कार्यकर्ता मनष्मिता खूंटिआ ने इस अवसर पर शिरकत की। यात्री सुविधा समिति के सदस्य श्री दिलीप मलिक और सामाजिक कार्यकर्ता ललाटेंन्दु बडू आज सुबह कटक रेलवे स्टेशन पर शामिल हुए।

भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर सांसद अपराजिता षडंगी, सुलता देव और मुजीबुल्ला खां के साथ पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा और खुर्दा रोड रेलवे मंडल के महाप्रबंधक एचएस बाजवा अमृत भारत ट्रेन का स्वागत करने के लिए शामिल हुए थे। इसी प्रकार, खुर्दा रोड रेलवे स्टेशन पर इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार राउत और सामाजिक कार्यकर्ता रश्मि रंजन महापात्र उपस्थित थे। इसके अलावा सांसद चंद्रशेखर साहू एवं विधायक विक्रम पंडा ने ब्रह्मपुर रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम में भाग लिया और अमृत भारत ट्रेन का स्वागत किया।

पूर्व तट रेलवे परिधि के भीतर उत्तरी आंध्र प्रदेश में श्रीकाकुलम, विजयनगरम और विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय प्रतिनिधियों, विशेष रूप से सांसदों और विधायकों द्वारा अमृत भारत ट्रेनों का स्वागत किया गया। विभिन्न स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों, रेलवे उत्साही, प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी अमृत भारत ट्रेन में कुछ दूरी की यात्रा की और इसकी यात्रा की सुविधा और सुविधाओं की प्रशंसा की। पूर्व तट रेलवे लाइन के विभिन्न स्टेशनों पर आम जनता अमृत भारत ट्रेनों के साथ सेल्फी और तस्वीरें लेने के लिए उत्सुक थी। जगह-जगह पर बाजा बजाकर और शास्त्रीय नृत्य के बीच विभिन्न स्थानों पर ट्रेन का बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**राजधनवार, गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** भजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने रविवार को अपने कार्यकर्ताओं एवं जनता के साथ धनवार प्रखंड क्षेत्र के भुधरनी उत्क्रमित मध्य विधालय स्थित बूथ नंबर 242 पर पीएम मोदी के मन की बात सुनी। कार्यक्रम के बाद श्री सिंह ने नेताओं एवं कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर पार्टी की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया। उन्होंने कार्यकर्ताओ को मिशन 2024 में सूबे की सभी लोकसभा की 14 सीटों पर कब्जा के लिए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा योजनाओं का लाभ दिलाने का अह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कई लोगों की समस्या भी सुनी और यथासंभव उसका निदान भी किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह, सुनील सिंह, अजय सिंह, भूषण सिंह, रतन सिंह, कुंदन कुमार, मिथुन सिंह, महेंद्र सिंह, सागर कुमार, पिंटू कुमार आदि कई मौजूद थे।

## एमसीएल जागृति महिला मंडल ने शॉल वितरित किया



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** रविवार को जागृति महिला मंडल की नये अध्यक्षा सुवर्णा काओले के नेतृत्व में पड रही सर्दी को देखते हुए मंडल ने सिकिर्डी हरिजन पाड़ा के 22 बुजुर्गों को शॉल, लुंगी और स्नैक्स पैकेट वितरित की। मंडल की सदस्यों ने अपने परोपकारी कार्यों के तहत सदियों को देखते हुए यह बीडा उठाया, जिससे कड़कडाती ठंड में आशा और आराम की किरण जागृत हो सके। मंडल की 5 उपाध्यक्ष अल्पना शुक्ला राव, सरिता पटेल, आरती बोरा, रश्मी बेहुरा और अंजलि बापट इस नेक कार्य में शामिल थी। इस प्रकार नेक कार्य के प्रति मंडल का प्रयास और सहानुभूति के सही अर्थ को दर्शाते हैं। मंडल की सचिव सुमिता घोष, संयुक्त सचिव मिलिना प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्षा अनिता गर्ग और मंडल की समस्याएं आशा चौधरी, राखी प्रसाद, वीणा सिंह, कबिता दाश और अनुसुया मिश्रा ने भी करुणा के इस मिशन में सक्रिय रूप से भाग लिया एवं हरिजन पाडा के बुजुर्गों से सुख सुविधा के बारे में बातचीत की।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**